संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें
28 मई 2026, गुरुवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 08, अंक - 246
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

**चारधाम यात्रा में 39 दिनों में 105 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत**

**देहरादून ।** चारधाम यात्रा शुरू होने के 39 दिनों के अंदर 105 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। 2025 में यात्रा के शुरुआती 28 दिनों में यह आंकड़ा 56 मौतों का था और पूरी यात्रा के दौरान 83 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। इस साल 14 मई को यह आंकड़ा 40 का था, यानी बीते 14 दिन में 65 लोगों की मौत हो गई।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के एसआईआर को बताया वैध

## एसआईआर प्रक्रिया में कोई खामी नहीं पाई गई

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूचियों के लिए शुरू की गई विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक करार देते हुए चुनाव आयोग को बड़ी राहत दी है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि केवल इसलिए इस प्रक्रिया को अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि यह मतदाता सूची संशोधन की सामान्य प्रक्रिया से अलग है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने का अधिकार प्राप्त है और एसआईआर उसी अधिकार के दायरे में की जा रही प्रक्रिया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह कानून के अनुरूप है।



कोर्ट ने यह भी माना कि चुनाव आयोग द्वारा मांगे गए दस्तावेज मनमाने नहीं हैं। पीठ ने कहा, 11 दस्तावेजों पर विचार किए जाने और हमारे आदेश के बाद आधार कार्ड को भी शामिल किए जाने के चलते यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग द्वारा मांगे गए दस्तावेज अनुचित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति की पात्रता को लेकर चुनाव आयोग संतुष्ट नहीं होता है, तो ऐसे मामलों को कानून के तहत केंद्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी के पास भेजना आयोग की जिम्मेदारी होगी।

**चुनाव आयोग ने कानून के तहत किया काम**

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं किया और पूरी कार्रवाई कानूनी दायरे में रहकर की गई। अदालत ने साफ किया कि इस प्रक्रिया में कोई खामी नहीं पाई गई है और यह आगे भी जारी रहेगी।

# सरकार राज्य के सभी 24 जिलों में खोलेगी अबुआ दवाखाना

## दुमका हवाई अड्डे से नियमित उड़ान सेवा शुरू करने का फैसला

**● राज्यकर्मियों और पेंशनधारियों का महंगाई भत्ता में दो से नौ फीसदी की वृद्धि, विस्थापितों को आवंटित भूभाग के लिए नहीं देना होगा निबंधन शुल्क**

**कैबिनेट का फैसला**

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड सरकार राज्य के सभी 24 जिलों में अबुआ दवाखाना खोलेगी। अबुआ दवाखाना में बहु चिकित्साअ प्रणाली के तहत एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योसपैथी, यूनानी और सिद्धा विधि से इलाज किया जाएगा। यह निर्णय बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। उन्होंबने बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न स्वातस्थ्ंं उपकेंद्रों, आयुष्मायन आरोग्यन मंदिर और स्वास्थ्य विभाग के अन्य् भवनों में बहु चिकित्सा प्रणाली पर आधारित एकीकृत औषधि केंद्र अबुआ दवाखाना की स्था पना की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण जनता को एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और सिद्धा प्रणाली की जरूरी दवाईयां एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके। इस योजना के तहत राज्य सरकार समय-समय पर अद्यतन और निर्धारित झारखंड आवश्याक औषधि सूची के अंतर्गत आनेवाली एलोपैथी दवाईयां और अद्यतन राष्ट्रीय आयुष आवश्यक औषधि सूची के अंतर्गत आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और सिद्धा चिकित्सा पद्धति की दवाईयां सभी लाभार्थियों को निन्शुल्को कराएगी। शुरूआती चरण में राज्य के सभी 24 जिलों के 745 आयुष्मन आरोग्या मंदिर (आयुष) पर एकीकृत औषधि केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

➔ कैबिनेट ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मादक पदार्थों से जुड़ी सूचनाएं देने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए नई पुरस्कार नीति को भी मंजूरी दी। इस नीति के तहत नशे के कारोबार की जानकारी देने वाले लोगों को सरकार की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

➔ इसके अलावा दुमका हवाई अड्डे से नियमित उड़ान सेवा शुरू करने की दिशा में भी अहम फैसला लिया गया। मौसम संबंधी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए भारत सरकार के मौसम विभाग के साथ एमओयू करने पर सहमति बनी है।

➔ कैबिनेट में गंभीर रूप से बीमार दिव्यांग कलाकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

➔ राज्य के वृद्ध और गंभीर रूप से अस्वस्थ या स्थायी रूप से दिव्यांग कलाकारों के लिए मासिक निवृत्तिका योजना की स्वीकृति दी गई।

➔ राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनधारियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केन्द्रीय वेतनमान) में एक जनवरी 2026 के प्रभाव से महंगाई राहत की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गई।

➔ विद्या कुमारी, सहायक शिक्षिका, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, देवघर और मालती दास, सहायक शिक्षिका, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, दुमका की नियुक्ति की वैधता के विरुद्ध दायर याचिकाओं में उच्चतम् और उच्च न्यायालय से पारित आदेश पर उन्हें लाभ एवं पेंशन देने की स्वीकृति दी गई।

➔ झारखंड सरकार की ओर से लोकहित में पुनर्वास/पुर्नस्थापन नीति के तहत विस्थापितों को आवंटित भू-भाग या नागरिकों की ओर से सार्वजनिक उपयोग के लिए दान की गई भूमि पर मुद्रांक और निबंधन शुल्क में छूट देने की स्वीकृति दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

**ममता बनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सिलीगुड़ी साइबर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। ममता पर आरोप है कि उन्होंने 2025 में कोलकाता में आयोजित ईद कार्यक्रम के दौरान सनातन और हिंदू धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। विवाद उस बयान को लेकर है, जिसमें 'गंदा धर्म' जैसे शब्द इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, इस मामले पर ममता की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**सिक्किम देश का पूर्ण साक्षर राज्य बना**

**गंगटोक ।** सिक्किम भी देश का पूर्ण साक्षर राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने बुधवार को राजधानी गंगटोक में आयोजित सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में इस उपलब्धि की घोषणा की। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि थीं। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उल्लास-नए भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत पूर्ण साक्षरता का दर्जा प्राप्त करने के लिए सिक्किम की जनता और सरकार को बधाई दी, जो 2027 के लिए निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्य से काफी पहले है।

**आंध्र प्रदेश में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू**

**अमरावती ।** 33 प्रतिशत महिला आरक्षण पर आंध्र प्रदेश सीएम चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगु देशम पार्टी यानी टीडीपी ने बड़ा फैसला लिया है। टीडीपी ने पार्टी के अंदर 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू कर दिया है। इसके तहत आगामी चुनावों में महिलाओं को 33 फीसदी सीटों पर आरक्षण दिया जाएगा। आंध्र प्रदेश में बीजेपी की सहयोगी और एनडीए अलायंस की पार्टी टीडीपी ने कहा कि भले ही महिला आरक्षण बिल देश में लागू नहीं हो पाया। पार्टी ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को राज्य में लागू कर दिया है।

**कुड़मालि भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर गृह मंत्रालय में बैठक**

**नई दिल्ली ।** आगामी जनगणना 2026-27 में कुड़मि समुदाय और कुड़मालि भाषा के वर्गीकरण तथा संविधान की आठवीं अनुसूची में कुड़मालि भाषा को शामिल करने की मांग को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन जनगणना विभाग के भाषा प्रभाग में बुधवार को बैठक आयोजित हुई। युवा आंदोलनकारी अमित महतो के नेतृत्व में हुए प्रतिनिधिमंडल में पंकज महतो, मुकेश महतो और दीपक महतो सहित झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम के प्रतिनिधि शामिल थे।

**प्री-मानसून बारिश 29 मई से 5 जून तक संभव**

**नई दिल्ली ।** भारत के 80-90 प्रतिशत हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। मौसम विभाग ने 26 मई का अनुमान लगाया था। मानसून आने के लिए केरल के 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5 एमएम बारिश जरूरी है।

## मुख्यमंत्री ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा

# पंचायतों में बाल विवाह और महिला हिंसा पर रोक का जोर

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को पंचायती राज विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पंचायती राज विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग के तहत संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत संरचना, सड़क संपर्क, पंचायत स्तरीय सेवाओं और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पंचायती राज एवं ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी उपस्थित रहीं।



समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने पंचायत स्तर पर पारदर्शिता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पंचायतों के माध्यम से बाल विवाह और महिला हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए।

मुख्यमंत्री ने पंचायत भवनों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार करने तथा सूखे एवं गीले कचरे के पृथक्करण के लिए लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने प्लास्टिक कचरे के पृथक्करण और उसके उचित निस्तारण पर भी विशेष बल दिया।

## महंगाई की मार : 1 जून से रेलवे स्टेशनों पर महंगा मिलेगा खाना

**● सेंट्रल रेलवे ने दी चीजों के रेट बढ़ाने को मंजूरी**

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** ट्रेन से सफर करने वाले रेल यात्रियों के लिए एक बड़ा झटका है, जहां रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाला खान-पान अब और महंगा होने जा रहा है। सेंट्रल रेलवे ने 1 जून 2026 से खान-पान की विभिन्न वस्तुओं की दरों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। रेलवे प्रशासन के अनुसार, यह बढ़ोतरी तेल और गैस की कीमतों में लगातार हो रहे इजाफे के कारण की गई है।

नई दरों के मुताबिक, सबसे लोकप्रिय स्नैक वड़ा पाव की कीमत में लगभग 54 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है। पहले 13 रुपये में मिलने वाला वड़ा पाव अब 20 रुपये में मिलेगा, जिसमें 50 ग्राम आलू वड़ा 15 रुपये और पाव 5 रुपये प्रति पीस तय किया गया है। इसके अलावा वेज समोसा, वेज पफ और साबूदाना वड़ा भी अब 20 रुपये प्रति पीस की दर से मिलेंगे। वहीं, पाव भाजी और वेज पिज्जा के शौकीनों को अब 50 रुपये प्रति पीस चुकाने होंगे।

**गुणवत्ता सुधारने के दिए निर्देश**

मूल्य वृद्धि को मंजूरी देने के साथ ही रेलवे ने सभी लाइसेंसधारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि दरों में इस बढ़ोतरी का सीधा असर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुधार के रूप में दिखना चाहिए। इसके अलावा, नए टैरिफ लागू होने के 6 महीने बाद बिक्री का मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके आधार पर लाइसेंस शुल्क की समीक्षा होगी। राहत की बात यह है कि कचौड़ी, गुलाब जामुन, ताजे जूस, मिसल पाव और वेज नूडल्स समेत 16 लोकप्रिय खाद्य पदार्थों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही, जूस और सोडा उत्पादों के दाम भी पहले की तरह ही बने रहेंगे।

# महुआ शराब के गैस से एक ही परिवार के तीन की मौत

संवाददाता

**हजारीबाग ।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 में एक ही परिवार के तीन लोगों की सेफ्टी टैंक में दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में चमेली देवी, उनका बेटा रवि साव और चाचा मदन साव शामिल हैं,। घटना मंगलवार देर रात की है।जबकि आनंद साव गंभीर रूप से घायल हैं।

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, सेफ्टी टैंक में अवैध रूप से महुआ शराब बनाई और रखी जाती थी। इस कारण टैंक के अंदर जहरीली गैस बन गई थी। घटना के वक्त चमेली देवी टैंक से महुआ शराब निकालने के लिए नीचे उतरीं, लेकिन अंदर पहुंचते ही जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गईं।



जब काफी देर तक चमेली देवी बाहर नहीं निकलीं, तो परिजन चिंतित हो उठे। मां को बचाने के लिए सबसे पहले उनका बेटा रवि साव टैंक में उतरा, लेकिन वह भी गैस की चपेट में आकर गिर पड़ा। इसके बाद चाचा मदन साव ने हिम्मत जुटाकर दोनों को बचाने की कोशिश की।वे भी उसी जहरीली गैस के शिकार हो गए। टैंक के भीतर मौजूद गैस इतनी खतरनाक थी कि तीनों में से कोई भी बाहर नहीं निकल सका और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान घर के अन्य सदस्य बेसहारा होकर यह मंजर देखते रह गए। अपनी पत्नी, बेटे और भाई को तड़पता देख आनंद साव ने भी उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वे भी गैस से प्रभावित होकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# भीषण गर्मी : प्रधानमंत्री ने लोगों से की सावधानी बरतने की अपील

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति के बीच नागरिकों से सतर्क रहने और सभी आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है। उन्होंने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, बाहर निकलते समय पानी साथ रखने और जरूरतमंदों को पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया।



प्रधानमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कई पोस्ट साझा करते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी सभी के लिए चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने लोगों को हीट एग्जॉशन के लक्षणों जैसे चक्कर आना, मतली और अत्यधिक थकान को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को कमजोरी, सिरदर्द या अस्वस्थता महसूस हो तो उसे तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर ले जाकर पानी और ओआरएस उपलब्ध कराना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग अत्यधिक गर्मी में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि लक्षणों की अनदेखी करने पर स्थिति गंभीर होकर हीटस्ट्रोक का रूप ले सकती है।

# झारखंड के 20 जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट

संवाददाता

**रांची ।** राजधानी रांची सहित राज्य के 20 जिलों में गुरुवार को बारिश, तेज आंधी और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर बुधवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला रहेगा। हालांकि उत्तर-पश्चिमी झारखंड के चार जिलों गढ़वा, पलामू, लातेहार और चतरा में गुरुवार को बारिश की संभावना कम जताई गई है। इसके अलावा शेष जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने और वज्रपात की आशंका व्यक्त की गई है।

विभाग ने यह भी कहा है कि दो जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम अस्थिर बना रह सकता है। इस दौरान कई स्थानों पर गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है।

# केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर तलाशी के दौरान ईडी अधिकारियों के काफिले पर समर्थकों का हमला, तोड़फोड़

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम ।** कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल)-एक्सालॉजिक वित्तीय लेनदेन और धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बाद बुधवार को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में जबरदस्त राजनीतिक तनाव और हिंसक प्रदर्शन देखने को मिला। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन के आवास पर कई घंटों तक चली तलाशी के बाद जब ईडी अधिकारियों की टीम परिसर से बाहर निकली, तब वहां मौजूद सीपीआई-एम कार्यकर्ताओं की भीड़ उग्र हो गई और अधिकारियों के काफिले पर हमला कर दिया। केरल पुलिस ने लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



## राशन व्यवस्था होगी हाईटेक : सार्थक-पीडीएस' योजना मंजूर

# डीलरों का बढ़ेगा कमीशन और राज्यों को मिलेगी आर्थिक सहायता, 80 करोड़ लोगों को मिलेगा लाभ

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को लेकर बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने 'सार्थक-पीडीएस' योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत देश के करीब 80 करोड़ राशन लाभार्थियों को सीधे तौर पर फायदा मिलेगा। इस महत्वाकांक्षी योजना पर लगभग 25,530 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि सरकार राशन वितरण प्रणाली को अधिक मजबूत, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत तीन बड़े बदलाव किए गए हैं, जिनसे राज्यों, राशन डीलरों और आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

**राज्यों को आर्थिक सहायता**

कैबिनेट का पहला बड़ा फैसला राज्यों को आर्थिक सहायता देने से जुड़ा है। मंत्री ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के बड़े गोदामों से अनाज को जिलों, ब्लॉकों और अंततः राशन दुकानों तक पहुंचाने में राज्य सरकारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब केंद्र सरकार इस परिवहन और वितरण व्यवस्था में राज्यों को वित्तीय मदद उपलब्ध कराएगी, जिससे राशन आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुचारु हो सकेगी।

**राशन डीलरों का बढ़ेगा कमीशन**

कैबिनेट का दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय राशन डीलरों के कमीशन को बढ़ाने का है। लंबे समय से राशन दुकानदार अपने कमीशन में वृद्धि की मांग कर रहे थे। सरकार ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए कमीशन बढ़ाने का फैसला लिया है। इससे देशभर के लाखों राशन डीलरों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

**लाभार्थियों का पंजीकरण**

कैबिनेट का तीसरा और सबसे अहम फैसला जो राशन व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का है। सरकार अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल तकनीकों की मदद से लाभार्थियों का पंजीकरण करेगी। इससे फर्जीवाड़े पर रोक लगाने, पारदर्शिता बढ़ाने और सही व्यक्ति तक राशन पहुंचाने में मदद मिलेगी। सरकार का मानना है कि डिजिटल और तकनीक आधारित व्यवस्था से पूरे पीडीएस नेटवर्क को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

# नीट यूजी पेपर लीक : सीबीआई ने लातूर के डॉक्टर और पुणे के कोचिंग टीचर को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई ।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 के कथित पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की कार्रवाई जारी है। इस हाई-प्रोफाइल घोटाले की परतें खुलने के साथ ही बुधवार को सीबीआई ने दो और प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन नई गिरफ्तारियों में लातूर के एक डॉक्टर और पुणे के एक प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान का फिजिक्स टीचर शामिल है, जिससे मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कुल संख्या 13 हो गई है।

जांच एजेंसी ने लातूर के डॉ.मनोज शिरुरे को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, डॉ. शिरुरे पर आरोप है कि उन्होंने रेणुकाई करियर सेंटर (आरसीसी) के संस्थापक शिवराज मोटेगाँवकर के बेटे सहित तीन छात्रों को आरोपी पीवी कुलकर्णी से केमिस्ट्री के प्रश्न उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी कड़ी में, सीबीआई ने पुणे स्थित डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल एकेडमी (एपीएमए) में फिजिक्स के शिक्षक तेजस हर्षदकुमार शाह को गिरफ्तार किया है। शाह पर आरोप है कि गिरफ्तार आरोपी मनीषा हवलदार से नीट यूजी 2026 के फिजिक्स के लीक हुए प्रश्न पत्र प्राप्त किए थे।

सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि मामले में पूरी साजिश और इसकी कड़ियों का पता लगाने के लिए गहन जांच जारी है। एजेंसी ने अब तक 49 विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है और कई आपत्तिजनक दस्तावेज़ों, लैपटॉप और मोबाइल फ़ोन को जब्त किया है। जब्त की गई इन सामग्री का विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है ताकि आगे की सच्चाई सामने आ सके।

गौरतलब है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई को आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट अंडरग्रेजुएट (नीट यूजी)-2026 को पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को रद्द कर दिया था। अब यह परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा मूल रूप से भारत के 551 शहरों और 14 विदेशी केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसके लिए लगभग 23 लाख उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था।

## नाबालिग से देह व्यापार कराने के मामले में महिला गिरफ्तार

**गिरिडीह ।** गिरिडीह जिले में नाबालिग से देह व्यापार कराने के मामले में पचम्बा थाना पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग लड़कियों को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया है ।पचम्बा थाना पुलिस ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार महिला बिरनी क्षेत्र के भ्रकट्टा ओपी इलाके की रहने वाली है और पचम्बा थाना क्षेत्र के बोडो स्थित एक मकान में किराए पर रह रही थी । पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह नाबालिग लड़कियों को काम दिलाने के बहाने बुलाती थी और बाद में उनसे देह व्यापार करवाती थी ।पुलिस के अनुसार आरोपित महिला बोडो में रहती जरूर थी, लेकिन देह व्यापार का धंधा दूसरे स्थानों पर संचालित किया जाता था ।महिला ने पूछताछ में यह भी कबूला कि वह नाबालिगों से अश्लील बातें कर उन्हें इस धंधे में लगाती थी ।

## तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**गढ़वा ।** गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कुंबा गांव स्थित अकेलवा तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। बुधवार सुबह तालाब में दोनों बच्चियों का शव मिलने के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई।जानकारी के अनुसार पतरिहा कलां गांव के हरिजन टोला निवासी राजू राम की 8 वर्षीय पुत्री प्रियांशु कुमारी एवं परमेश्वर राम की 10 वर्षीय पुत्री रेशमा कुमारी मंगलवार सुबह करीब 9 बजे घर से बहवा पहाड़ की ओर लकड़ी चुनने गई थीं। शाम तक जब दोनों बच्चियां घर नहीं लौटीं तो परिजनों की चिंता बढ़ गई।रातभर ग्रामीणों और परिजनों ने आसपास के इलाकों में उनकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार की सुबह करीब 6 बजे गांव के कुछ बच्चे शौच के लिये तालाब के किनारे पहुंचे। इसी दौरान लोगों ने शव देखा। यह दृश्य देखते ही बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई।ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चियों के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल के बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये गढ़वा भेज दिया।

## यशोदा हॉस्पिटल ने उन्नत कैंसर उपचार और रोबोटिक ऑन्कोलॉजी सेवाओं पर दी जानकारी




**रांची।** झारखंड यशोदा हॉस्पिटल सोमाजीगुड़ा, हैदराबाद, जो यशोदा हॉस्पिटल्स समूह की एक प्रमुख इकाई है, ने रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन्नत कैंसर उपचार, रोबोटिक ऑन्कोलॉजी सर्जरी एवं समग्र कैंसर देखभाल सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। यह पहल यशोदा हॉस्पिटल्स की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसके तहत विश्वस्तरीय ऑन्कोलॉजी उपचार एवं अत्याधुनिक सर्जिकल विशेषज्ञता को देश के विभिन्न क्षेत्रों के मरीजों तक पहुंचाया जा रहा है। यशोदा हॉस्पिटल्स के डिप्टी जनरल मैनेजर - मार्केटिंग, श्री उदय भास्कर एनवीएस ने यशोदा हॉस्पिटल्स को हैदराबाद के अग्रणी एवं विश्वसनीय मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थकेयर संस्थानों में से एक बताया। उन्होंने अस्पताल समूह की उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं, अत्याधुनिक मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित उपचार पद्धतियों एवं मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि यशोदा हॉस्पिटल्स हैदराबाद में कई अत्याधुनिक इकाइयों का संचालन करता है, जहां आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, उन्नत आईसीयू सुविधाएं, अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीक, रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम एवं विभिन्न सुपर-स्पेशियलिटी विभाग उपलब्ध हैं, जो टर्शियरी एवं क्वाटरनरी हेल्थकेयर सेवाएं प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सोमाजीगुड़ा यूनिट ऑन्कोलॉजी, रोबोटिक सर्जरी, अंग प्रत्यारोपण, क्रिटिकल केयर एवं मल्टी-डिसिप्लिनरी हेल्थकेयर सेवाओं का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बन चुका है, जहां देश-विदेश से मरीज उपचार के लिए आते हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एवं रोबोटिक सर्जन (कैंसर विशेषज्ञ) तथा क्लीनिकल डायरेक्टर,डॉ. सचिन मार्डाने बढ़ते कैंसर मामलों, समय पर जांच, जागरूकता एवं शीघ्र उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शरीर के विभिन्न अंगों में होने वाले कैंसर का उपचार अब उन्नत सर्जिकल तकनीकों, प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी एवं मल्टी-डिसिप्लिनरी उपचार पद्धतियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से संभव है, जो यशोदा हॉस्पिटल्स में उपलब्ध हैं।


## आसनसोल स्टेशन ता़री रे मोंड़ें गो़टेच् स्टेशन को रे स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंटकोवाक् चालाव-बानाव अनुबंध

**ठिका़ खो़बो़र सं.5 सी.5/सेलेक्शन/एसटीबीए-05/एएसएन/26 मा़हित 26.05.2026** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल हो़तेते वाणिज्य पर्यवेक्षक/स्टेशन मॉस्टर/डेपुटी स्टेशन मॉस्टराक् ता़नखी रे एम आकात् काउंटरको (लातार रे ओ़लाकान) ते कंप्यूटरीकृत 'अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस)' दाराय ते अनारक्षित टिकट जा़रीय ला़गित् पूर्व रेलवे रेयाक् आसनसोल मंडल रेयाक् **05 (मोंड़ें) 'एनएसजी-5' श्रेणी** स्टेशनको रे 'स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट' (एसटीबीए) 03 (पे) बो़छो़र सो़मो़य ला़गित् चालाव-बानाव अनुबंध एमाको बाखरा मो़ने मेनाक् हो़ड़को (टोटाकिया़ जिला, जाहां रे दो़ स्टेशन मेनाक् आर जाहां रे दो़ एसटीबी बाजालको रेयाक् काना, रेन गिरा़बासी) ठेन खो़न दारखास साकाम नेवतायेत् काना: **क्रम सं., स्टेशन रेयाक् ञुतुम, जिला/पो़नो़त आर उदुक् आकात् काउंटर/जायगा दो़ नोडका लेका** मेनाक् आ:- **(1) पानागढ़;** पश्चिम बर्द्धमान, पश्चिम बंगाल; डाउन प्लेटफॉर्म (मारे बिल्डिंग) रे उत्तर नाखा। **(2) सिमुलतला;** जमुई, बिहार; अप प्लेटफॉर्म (एबीएस बिल्डिंग) रे पश्चिम सेच् खो़न। **(3) जामताड़ा;** जामताड़ा, झारखंड; डाउन प्लेटफॉर्म (मारे बिल्डिंग) रे उत्तर नाखा। **(4) दुमका;** दुमका, झारखण्ड, अप प्लेटफॉर्म (एबीएस बिडिल्ंग) रे दक्षिण नाखा। **(5) देवघर;** देवघर, झारखण्ड; डाउन प्लेटफॉर्म (एबीएस बिल्डिंग) रे उत्तर नाखा। **ठिका़ फारो़म/कागो़च रेयाक् गो़नो़म (अप्रतिदेय):** टाका 1,000/- +12% जीएसटी = रु. 1,120/-। **बायना पायसा जामाय:** एनएसजी-5 श्रेणी स्टेशनको ला़गित् रु. 5,000/-। **आरदासिया़ हो़तेते ईएमडी पायसा दो़ आपनार ञुतुम ते जामाय लेक काना।** ठिका़ फारो़म/कागो़च रेयाक् गो़नो़म (वेबसाइट खो़न डाउनलोड रे) आर बायना पायसा जामाय (ईएमडी) दो़ आलाग ते 'एफए एंड सीएओ', पूर्व रेलवे, कोलकाता रेयाक् पाहटा रे जाहांटाक् गे राष्ट्रीयकृत आर से अनुसूचित बैंक हो़तेते बेनावाकान डिमांड ड्राफ्ट/बैंक पे ऑर्डर दाराय ते जामाय लेककान ताकोआ आर ओना दो़ दारखास सालाक् ते जामाय होयोक् ताकोआ। बायना पायसा जामाय आर ठिका़ कागो़च रेयाक् गो़नो़म बेगो़र ते दारखास दो़ उसा़रा ते बा़तिलकाक् आ। **कार्यालय रेयाक् ठिका़ना जाहां खो़न दो़ ठिका़ कागो़च किरिञ दाड़ेयाक् आ:** बुकिंग सुपरवाइजर/आसनसोल हो़तेते जा़रीयाकान रु. 1,120 रेयाक् मूल नकदी रसीद उदुग रे ठिका़ फारो़म/कागो़च दो़ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक रेयाक् कार्यालय, पूर्व रेलवे, आसनसोल खो़न **मा़हित 01.06.2026 खो़न 22.06.2026 हा़बिच्** (ञुहुममाहां, सिंगेमाहां आर छुट्टी दिन छाडा) **11.00 बजे खो़न 16.00 बजे ताला रे** आमोक् आ। **अनुबंध रेयाक् सो़मो़य:** 03 (पे) बो़छो़र)। **ठिका़ कागो़च जामाय रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य:** 08.06.2026 खो़न 22.06.2026 हा़बिच् कार्यालय रेयाक् का़मी सो़मो़य ओकते आर मा़हित 23.06.2026 हिलोक् 14.00 बजे हा़बिच् (ञुहुममाहां, सिंगेमाहां आर एमान तेयाक् छुट्टी दिन छाडा)। ठिका़ फारो़म/कागो़च डाक ते कोल रे दारखास दो़ कार्यालय रे **मा़हित 23.06.2026 हिलोक् 14.00 बजे हा़बिच्** ते सेटेरो़क् लेक काना। रेलवे प्रशासन जाहां लेकानाक् डाक बिला़मोक् ला़गित् जिमा़दार दो़ बाय ताहेंना। **ठिका़ झिजुक् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य:** 23.06.2026 हिलोक् 16.00 बजे। जुदि जाहां लेकानाक् कारो़न जे ठिका़ झिज रेयाक् ता़रीक हिलोक् छुट्टी दिन/बो़ंद दिन पाड़ाक् काना, एन्डेखान ठिका़ दो़ दाराय का़मी दिन हिलोक् ओना सो़मो़य रे गे झिजुक् आ। **वेबसाइट रेयाक् बानाडाय आर सूचना पट्ट रेयाक् जायगा जाहां रे दो़** ठिका़ रेयाक् पुरा़उ बानाडाय ञेल दाड़ेयाक् आ: ठिका़ फारो़म/कागो़च दो़ रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** खो़न मा़हित **01.06.2026 हिलोक् 11.00 बजे खो़न 22.06.2026 हिलोक् 23.59 बजे हा़बिच्** को डाउनलोड दाड़ेयाक् आ। जाहां लेकानाक् बाडायजो़ड ला़गित् दो़ दाया काते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेयाक् कार्यालय, डीआरएन रेयाक् कार्यालय, आसनसोल खो़न जाहांटाक् का़मी दिन हिलोक् गे **11.00 बजे खो़न 17.00** बजे हा़बिच् जोगाजो़गपे।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

नोंड़े पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## 251 एम्बुलेंस घोटाले का सबूत दें बाबूलाल नहीं तो होगी एफआईआर : इरफान अंसारी

संताल एक्सप्रेस




**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य विभाग में कथित अनियमितताओं और घोटाले के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि बिना किसी प्रमाण के विभाग की छवि खराब करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी एक सप्ताह के भीतर 251 एम्बुलेंस घोटाले के आरोपों के समर्थन में सबूत पेश नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई जाएगी।स्वास्थ्य मंत्री बुधवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कामकाज, दवा खरीद प्रक्रिया, एम्बुलेंस सेवा और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़े आरोपों पर विस्तार से सरकार का पक्ष रखा।डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जनता की जिंदगी और स्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विभाग है, जहां कई बार परिस्थितियों के अनुसार त्वरित और व्यावहारिक निर्णय लेने पड़ते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग और मीडिया संस्थान तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।उन्होंने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि उनके पास 251 एम्बुलेंस से जुड़े कथित घोटाले का कोई ठोस प्रमाण है तो उसे सार्वजनिक करें। अन्यथा झूठे आरोप लगाकर विभाग और सरकार की छवि खराब करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए स्वास्थ्य जैसी संवेदनशील व्यवस्था को बदनाम करना दुर्भाग्यपूर्ण है।दवा खरीद और वितरण प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि लैब जांच में फेल होने वाली किसी भी दवा का वितरण नहीं किया जाता और न ही उसका भुगतान किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकती। मंत्री के अनुसार, एक्सपायर्ड दवाओं की लागत कुल खरीद का एक प्रतिशत से भी कम है और दवा खरीद से लेकर वितरण तक की पूरी प्रक्रिया डीवीडीएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से संचालित होती है।108 एम्बुलेंस सेवा को लेकर उठ रहे सवालों पर भी मंत्री ने विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में खरीदी गई सभी 206 एम्बुलेंस पूरी तरह संचालित हैं और राज्य के विभिन्न जिलों में लोगों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है।मंत्री ने 104 हेल्पलाइन सेवा और मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट स्थापना प्रक्रिया को भी पूरी तरह पारदर्शी बताया।

उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के

## रांची पुलिस के ऑपरेशन प्रहार के तहत 30 से अधिक अपराधी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** राजधानी रांची में अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाकर 30से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही v&z से अधिक लंबित वारंटों का भी निष्पादन किया गया है।रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक गौरव गोस्वामी ने किया। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक सघन छापेमारी कर फरार अपराधियों, वारंटियों और संदिग्धों को गिरफ्तार किया।एसएसपी राकेश रंजन ने बुधवार को बताया कि ऑपरेशन प्रहार अपराध नियंत्रण, संगठित अपराध पर शिकंजा कसने और लंबित वारंटों के निष्पादन के उद्देश्य से चलाया जा रहा विशेष अभियान है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ एक सुनियोजित रणनीति तैयार की है, जिसके तहत समय-समय पर अभियान को दोबारा सक्रिय कर लगातार कार्रवाई की जा रही है।एसएसपी ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के दूसरे चरण में पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर कई ऐसे अपराधियों को पकड़ा, जो लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस को लगातार चकमा दे रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में कई वारंटी और गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित अपराधी भी शामिल हैं।अभियान में जिले के सभी पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे। पुलिस टीमों ने संवेदनशील इलाकों, अपराध प्रभावित क्षेत्रों और संदिग्ध ठिकानों पर विशेष निगरानी रखते हुए कार्रवाई की।एसएसपी ने स्पष्ट किया कि रांची पुलिस अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि शहर में कानून-

## वैदिक संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का संगम बना श्री श्री विश्वविद्यालय



**रांची /कटक।** श्री श्री विश्वविद्यालय का वातावरण पिछले सात दिनों तक वैदिक मंत्रों, आध्यात्मिक ऊर्जा और भारतीय संस्कृति की दिव्य छटा से आलोकित रहा। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी से प्रेरित एवं उनके मार्गदर्शन में संचालित वैदिक धर्म संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पंडित सम्मेलन का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। 20 से 26 मई 2026 तक आयोजित इस विशेष सम्मेलन में देश के 10 राज्यों ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और पंजाब से आए 75 पंडितों ने सहभागिता की। सप्ताहभर तक श्री श्री विश्वविद्यालय का परिसर वैदिक ज्ञान, साधना और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना रहा। सम्मेलन का उद्देश्य पंडितों को पारंपरिक वैदिक पद्धति के अनुसार पूजा एवं होम की प्रामाणिक विधियों का प्रशिक्षण देना था। प्रतिभागियों को वैदिक मंत्रोच्चारण, अनुष्ठान, पूजन विधियों और उनके गहन आध्यात्मिक महत्व का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। बेंगलुरु आश्रम के श्री सूरज कुमार झा ने पूरे सात दिवसीय कार्यक्रम का सफल समन्वय किया। वहीं श्री भुवन पांडेय एवं श्री भीष्म पांडेय ने वेद एवं वैदिक मंत्रोच्चारण का प्रशिक्षण दिया। श्री हिमांशु पंडा द्वारा द आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस प्रोग्राम संचालित किया गया।

## एबीओसीपी में शैली इन्फ्रा के मजदूरों ने किया चक्का जाम



**धनबाद।** बाघमारा बीसीसीएल ब्लॉक-दो क्षेत्र के एबीओसीपी में बुधवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब बंद हो चुकी आउटसोर्सिंग कंपनी शैली इन्फ्रा के मजदूरों ने बकाया सीएमपीएफ राशि के भुगतान और पुनर्नियोजन (रोजगार) की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया। आंदोलन के कारण कोलियरी में 12 घंटे तक कोयले का उत्पादन बंद हों गया और ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप रही। इस कारण प्रबंधन को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा है। प्रबंधन की ओर से मजदूरों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया गया है। मौके पर नाजीर अंसारी, खुर्सीद अंसारी, सागर चौहान, पोखराज महतो, अली अंसारी, गुड्डू चौहान, शिबू सिंह, रिंकी देवी, अख्तर अंसारी, बालिका देवी, रोजी परवीन, आसीम परवीन, रहमत अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष मजदूर मौजूद थे। आंदोलन की उग्रता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जब बाघमारा थाना पुलिस और सीआईएसएफ के अधिकारी जाम हटाने पहुंचे, तो मजदूरों के साथ उनकी तीखी नोकझोंक हुई।

## भाजपा जिलाध्यक्ष गीता बालमुचू ने लगाया हत्या के प्रयास का आरोप

**पूर्वी सिंहभूम ।** पश्चिमी सिंहभूम जिला भाजपा अध्यक्ष गीता बालमुचू ने अपने सड़क हादसे को महज दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए बड़ा खुलासा किया है। टाटा मेन अस्पताल में इलाजरत गीता बालमुचू ने पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां के समक्ष दावा किया कि उनकी हत्या की साजिश रची गई थी और जानबूझकर उनकी कार को निशाना बनाया गया।अस्पताल पहुंचकर दुलाल भुईयां के साथ कमल राम यादव,कुंज विभार, सुनील सिंह सदानंद टोपनो,सुबुल प्रमाणीक,अनिल कांडी के साथ घायल भाजपा जिलाध्यक्ष का हालचाल जाना। मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया को बताया कि गीता बालमुचू ने उन्हें घटना की पूरी जानकारी दी।

## यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा : रेल जीएम



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर और आसपास के क्षेत्रों में यात्री ट्रेनों की लगातार लेटलतीफी को लेकर चल रहे विरोध के बीच दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम)अनिल कुमार जैन ने बड़ा फैसला लिया है। बुधवार को जमशेदपुर में रेल यात्री संघर्ष समिति और रेलवे अधिकारियों के बीच हुई बैठक में जीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अब यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।बैठक में विधायक सरयू राय ने कहा कि टाटानगर में रेल यात्रियों की सबसे बड़ी समस्या ट्रेनों की देरी है। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को बताया कि स्थानीय मेमू और पैसेंजर ट्रेनों के घंटों लेट होने से व्यवसायियों, कर्मचारियों, छात्रों और दैनिक मजदूरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कई यात्री ट्रेनें चांडिल, कांड्रा, गम्हरिया और राखा माइंस जैसे स्टेशनों तक समय पर पहुंच जाती हैं, लेकिन वहां से टाटानगर आने में 35 से 40 किलोमीटर की दूरी तय करने में चार से पांच घंटे लग जाते हैं।रेल जीएम ने संघर्ष समिति की मांगों को स्वीकार करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में यात्री ट्रेनों को खड़ा कर मालगाड़ियों को प्राथमिकता न दी जाए। उन्होंने कहा कि यात्री ट्रेनों की समयबद्ध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी।

## जेवीएम के निखिल का भारतीय सीनियर फुटबॉल टीम में चयन



**रांची।** जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) श्यामली, रांची के पूर्व छात्र एवं प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी निखिल बारला के भारतीय सीनियर फुटबॉल टीम में चयन होने पर विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है।निखिल का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है, जो विद्यालय, राज्य एवं पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। निखिल बारला ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के दौरान जेवीएम श्यामली में अध्ययन करते हुए खेल और अनुशासन दोनों क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

## जिंदल स्टील लिमिटेड को इंटरनेशनल सेफ्टी अवार्ड से सम्मानित किया गया



**रांची ।** जिंदल स्टील लिमिटेड, पतरातु को यह घोषणा करते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि उसे ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल, लंदन द्वारा प्रतिष्ठित इंटरनेशनल सेफ्टी अवार्ड 2026 के मेरिट विनर श्रेणी में सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 21 मई 2026 को मुंबई स्थित JW Marriott, सहार में आयोजित समारोह में जिंदल स्टील लिमिटेड, पतरातु की ओर से प्रीयेश सिंह, एवं खुर्शीद आलम द्वारा प्राप्त किया गया।इस समारोह में स्टील, ऑयल एवं गैस तथा अन्य औद्योगिक क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों के प्रतिष्ठित नेतृत्वकर्ता एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे। यह सम्मान व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उत्कृष्टता के प्रति हमारी मजबूत प्रतिबद्धता तथा पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों को दर्शाता है।इंटरनेशनल सेफ्टी अवार्ड विश्व स्तर पर अत्यंत प्रतिष्ठित एवं प्रतिस्पर्धात्मक पुरस्कार है, जिसमें वर्ष 2026 में विश्वभर की 851 संस्थाओं ने भाग लिया।जिंदल स्टील लिमिटेड, पतरातु में सुरक्षा हमारी परिचालन उत्कृष्टता का मूल आधार है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि हमारे श्रमिकों, फ्रंटलाइन सेफ्टी कर्मियों, लाइन मैनेजर्स, विभागाध्यक्षों एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारियों के निरंतर समर्पण, अनुशासन एवं सक्रिय सहभागिता से संभव हो पाई है। ज़ीरो हार्म कार्यस्थल सुनिश्चित करने एवं मजबूत सुरक्षा संस्कृति विकसित करने में उनके सामूहिक प्रयास अत्यंत सराहनीय रहे हैं।हम अपने प्लांट हेड के. बी. सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व, निरंतर प्रोत्साहन एवं अमूल्य मार्गदर्शन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उनके रणनीतिक निर्देशन एवं अटूट सहयोग ने पूरे संगठन में मजबूत सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ एवं स्थायी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम जिंदल स्टील लिमिटेड, पतरातु परिवार के सभी सदस्यों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हैं। आइए, हम सभी इसी प्रतिबद्धता, उत्साह एवं दृढ़ संकल्प के साथ सुरक्षा एवं परिचालन उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ते रहें।

## वाहन के धक्के से किशोर गंभीर रूप में घायल, रेफर

**संताल एक्सप्रेस बोरियो ।** बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो साहिबगंज मुख्य पथ के मरचो गांव में सड़क पार कर रहे किशोर को तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने ठोकर मार दिया. जिससे किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया. बोलेरो बोरियो से साहिबगंज की ओर जा रही थी. किशोर की पहचान मरचो निवासी 12 वर्षीय मुन्ना कुमार के रूप में हुई है. घटना के बाद बोलेरो मौका देख तेज रफ्तार से फरार हो गया. समाजसेवी अजय ठाकुर एवं ग्रामीणों ने घायल किशोर को इलाज के लिए आनन फानन में सीएचसी बोरियो लाया. जहां डॉ रोहित कुमार गोंड के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया. किशोर के सर में गंभीर चोट लगने से नाजुक स्थिति को देख बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया.

## विश्व बैंक की आरएएमपी योजना से खुलेगा उद्यमियों के लिए प्रगति का द्वार



**दुमका।** बुधवार को झारखंड सरकार के उद्योग विभाग और झारखंड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। विश्व बैंक समर्थित आरएएमपी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला उद्योग केंद्र द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय पीएमएफएमई निबंधन सह जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में खाद्य प्रसंस्करण आधारित सूक्ष्म उद्यमों को तेजी से बढ़ावा देना और स्थानीय उद्यमियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ना था।शिविर की शुरुआत में जिला उद्योग केंद्र, दुमका के महाप्रबंधक ने वहां पहुंचे सभी विभागीय पदाधिकारियों और उद्यमियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद अधिकारियों ने पीएमएफएमई योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, नए उद्योगों की स्थापना, वित्तीय सहायता, विपणन (मार्केटिंग), ब्रांडिंग और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार जैसे कई महत्वपूर्ण तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्रामीण और महिला उद्यमियों की भागीदारी पर जोर दिया गया। जिला रिसोर्स पर्सन (डीआरपी) और जेएसएलपीएस के प्रतिनिधियों ने महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में छिपी अपार संभावनाओं के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्हें उद्योग लगाने के लिए मिलने वाले ऋण, सरकारी अनुदान और विशेष प्रशिक्षण सुविधाओं के प्रति जागरूक किया।मौके पर मौजूद विशेषज्ञों ने उद्यमियों को आवेदन करने की पूरी प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेज, उद्यम रजिस्ट्रेशन और स्वरोजगार के नए अवसरों की जानकारी दी। ग्रामीण उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने के लिए पैकेजिंग और सही विपणन रणनीति पर भी खास मार्गदर्शन दिया गया, ताकि स्थानीय स्तर पर लोग आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। इस सफल शिविर में कुल 54 उत्साही उद्यमी शामिल हुए, जिनमें से 11 उद्यमियों का पीएमएफएमई योजना के तहत मौके पर ही निबंधन पूरा किया गया।इस विशेष अवसर पर ईओडीबी प्रबंधक मनोज कुमार प्रामाणिक, दुमका चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के प्रखंड उद्यमी समन्वयक सहित क्षेत्र के कई गणमान्य उद्यमी मौजूद रहे।

## फैब्रिक पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन,प्रतिभागी पुरस्कृत



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज ।** एकता कला केंद्र राजमहल द्वारा 25 से 27 मई तक फैब्रिक पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन स्थानीय कन्या मध्य विद्यालय नीलकोठी राजमहल में किया गया. जिसमें कई युवती एवं महिलाओं ने भाग लिया. अंतिम दिन मुख्य रूप से महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी उपस्थित हो कर प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूजा कुमारी ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी महिला को कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए कहा. उन्होंने बताया कि कला के माध्यम से अपनी छुपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए ये मंच बहुत ही सराहनीय अवसर प्रदान करता है. राजमहल जैसे शहर में इस तरह के कार्यक्रम से एक मंच मिलता है जहां सभी अपने कला को निखरते है. इससे मस्तिष्क काफी तेज कार्य करता है और सोचने की क्षमता में भी विकास होता है. वही इस कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी गगन बापू ने बताया कि पूर्व में स्कूली बच्चों के बीच सोहराय कल,मंजूषा कला का कार्यशाला का आयोजन सफल हुआ था.


## बासुकीनाथ मेला में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**जरमुंडी प्रतिनिधि ।** आगामी राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां इनदोनों बासुकीनाथ में रेस हो गई हैं। श्रद्धालुओं के निर्बाध आवागमन को लेकर बासुकीनाथ मेला क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने मंदिर क्षेत्र, सिंह द्वार एवं मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर दुकानदारों को सरकारी जमीन एवं सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। एसडीओ ने कांवरिया शेड का भी निरीक्षण किया। अतिक्रमण हटाओ अभियान में अंचलाधिकारी संजय कुमार, बीडीओ कुंदन भगत, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी सार्जेंट मरांडी, पुलिस निरीक्षक दयानंद साह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। पदाधिकारियों ने मेला क्षेत्र में घूम घूम कर दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। मंदिर कार्यालय व सिंह द्वार के सामने रोड पर से अतिक्रमण हटाया गया।

## संविदा आधारित मनरेगा नियुक्ति तीन वर्षों से लंबित, अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश

**पाकुड़ ।** जिला में मनरेगा अंतर्गत संविदा आधारित नियुक्ति हेतु दिनांक 12.09.2023 को विज्ञापन जारी किया गया था, लेकिन लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया अब तक पूर्ण नहीं की गई है। इससे सैकड़ों अभ्यर्थियों में भारी निराशा और आक्रोश व्याप्त है।इस नियुक्ति प्रक्रिया में कुल छह पद शामिल थे, जिनमें ग्राम रोजगार सेवक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर पद की नियुक्ति नवंबर 2023 में ही पूर्ण कर ली गई। लेकिन शेष चार महत्वपूर्ण पद – बीपीओ एई जेई एवं लेखा सहायक – की बहाली पिछले तीन वर्षों से लंबित रखी गई है।अभ्यर्थियों द्वारा पाकुड़ उपायुक्त कार्यालय में 20 से अधिक आवेदन देकर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कराने की मांग की गई, परंतु हर बार केवल आश्वासन दिया गया कि ÷अगले महीने प्रक्रिया पूरी हो जाएगी÷, जबकि आज तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। 15 अगस्त 2025 को अभ्यर्थियों ने ग्रामीण विकास मंत्री से मिलकर अपनी समस्या रखी थी। मंत्री ने तत्काल पाकुड़ उपायुक्त को फोन कर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश भी दिया। इसके बाद 02.09.2025 को अंतिम मेधा सूची जारी की गई तथा 14.09.2025 को परीक्षा तिथि निर्धारित करते हुए नोटिस जारी किया गया। लेकिन परीक्षा से मात्र दो दिन पहले परीक्षा स्थगित कर दी गई। तब से लेकर आज तक लगभग एक वर्ष होने को है, फिर भी जिला प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। 23 जिलों में यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। लगातार विलंब के कारण अभ्यर्थियों की आयु सीमा भी समाप्त होने की स्थिति में पहुंच गई है।

## बोरियो में बकरीद पर्व पर निकला फ्लैग मार्च



**संताल एक्सप्रेस बोरियो।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को पुलिस निरीक्षक एन डी रॉय के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया. इस दौरान आमजनों में सुरक्षा और विश्वास का माहौल कायम रखने का संदेश दिया गया. फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर बोरियो बाजार, बेल टोला, सहित पूरे बाजार तक निकाला गया. पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में शहर के विभिन्न मार्गों से होकर मार्च किया गया. इसका उद्देश्य लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाना और पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाएं रखने को लेकर जागरूक करना था. इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाएं रखते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर है. सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वही पुलिस निरीक्षक ने कहा कि पर्व को लेकर क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है. संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है.

# गोड्डा में ड्राइवर महासंघ का शक्ति प्रदर्शन, कई मांगें उठाईं

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा।** ऑल झारखंड ड्राइवर महासंघ के बैनर तले बुधवार को शहर में शक्ति प्रदर्शन एवं रोड शो पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में झारखंड के विभिन्न जिलों से पहुंचे बड़ी संख्या में ड्राइवर शामिल हुए। इस दौरान जय सारथी-जय भारती के नारों से शहर का माहौल गूंजता रहा।पदयात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गोड्डा कॉलेज परिसर पहुंची, जहां सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए महासंघ के नेताओं ने कहा कि ड्राइवर समाज को पहचान और सम्मान दिलाने के लिए सरकार को ठोस पहल करनी चाहिए।महासंघ की ओर से ड्राइवरों के लिए विशेष वॉल फेस बोर्ड लगाने की मांग की गई। साथ ही सड़क दुर्घटना में किसी ड्राइवर की जीवन लीला समाप्त होने पर उसके परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की व्यवस्था लागू करने की मांग भी उठाई गई। नेताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम ड्राइवर समुदाय की एकता प्रदर्शित करने एवं सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मौके पर मौजूद ड्राइवरों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।




## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच्ची की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**फतेहपुर (जामताड़ा)।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के आगैया गांव में बुधवार को हुई एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को गम और आक्रोश में डुबो दिया। गोबर लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से 10 वर्षीय मासूम बच्ची मुकू मुर्मू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया है। जिस आंगन में कल तक बच्ची की किलकारियां गूंजती थीं, वहां अब सिर्फ चीख-पुकार और मातम का सन्नाटा पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आगैया-सरमुड़ी पंचायत अंतर्गत आगैया गांव के रसीटोला निवासी कालीशंकर मुर्मू की पुत्री मुकू मुर्मू अपने खेत में गोबर डालने के लिए वहां गई थी। इसी दौरान गोबर लदे ट्रैक्टर की चपेट में आकर बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मासूम ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की खबर सुनते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। मां अपनी बेटी के शव से लिपटकर बार-बार बेहोश हो रही थी, जबकि पिता की आंखों में दर्द और बेबसी साफ दिखाई दे रही थी। गांव की महिलाएं रोते हुए कह रही थीं कि जिस बच्ची ने अभी दुनिया को ठीक से देखा भी नहीं था, उसे मौत ने इतनी बेरहमी से छीन लिया। ग्रामीणों ने घटना को लेकर भारी नाराजगी जताई है। घटना की सूचना मिलने पर फतेहपुर थाना प्रभारी अमर सिंह तापऐ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, जामताड़ा भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्कॉर्पियो की टक्कर के बाद एम्बुलेंस ने महिला को कुचला

**गोड्डा।** रामनगर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार शाम एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे जाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा, शौचालय व्यवस्था और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग उठाई है।मृतका की पहचान रूपियामा गांधीनगर निवासी 55 वर्षीय राजकुमारी देवी के रूप में हुई है, जो जगत राम की पत्नी थीं। हादसा इतना भयावह था कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और आक्रोश में हाईवे को जाम कर दिया।

## महिला के साथ मारपीट करने के आरोपित को सश्रम कारावास

**गोड्डा ।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमार पवन के न्यायालय ने मारपीट व लज्जा भंग करने के आरोपित ललमटिया थाना क्षेत्र के घटियारी निवासी श्रवण कुमार राय को चार वर्ष कारावास एवं 10,000 (दस) जुर्माना भरने की सजा सुनाई।जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया।जबकि अन्य मामले में दोषी पाकर 15 दिनों एवं 6 माह कारावास की सजा सुनाई गई।पीड़िता ने ललमटिया थाना में दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि ग्राम प्रधान अर्जुन राय उसके परिवार को प्रताड़ित करता रहता था। इसी से तंग आकर वह जाताकोठी में एक किराये के मकान में रहने के लिए परिवार के साथ 02 जुलाई 2020 को सामान लेकर जा रही थी। कि उसी समय अर्जुन राय, श्रवण राय पिता अर्जुन राय वं दूधनारायण राय सभी घटियारी निवासी ने उसे व परिवार - बच्चे के साथ लाठी-डंडे से मार-पीट करने लगे। वह ज़मीन पर गिर गयी और अर्द्धनग्न हो गई। फिर बच्ची के साथ मारपीट की । बच्चों के हल्ला करने व चिल्लाने की आवाज़ पर आसपास के लोग दौड़े और वह भाग गया। बाद में पुलिस वहां पहुंची और इलाज के लिए अस्पताल भेजा। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी दर्ज करने के उपरांत 01 सितंबर 21 को अदालत के समक्ष चार्जसीट दाखिल किया गया। विचारण के दौरान उभय पक्ष की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने सजा सुनाई।

## तेज आंधी से दो पक्के मकान क्षतिग्रस्त



**महागामा संवाददाता ।** प्रखंड अंतर्गत नयानगर पंचायत के नयानगर गांव में बीती रात्रि तेज आंधी के कारण दो पक्के मकान क्षतिग्रस्त हो गए। अचानक आए तेज तूफान से घर के समीप स्थित पीपल का विशाल पेड़ मकान पर गिर पड़ा, जिससे घर की छत बुरी तरह टूट गई और परिवार के लोगों को बाहर निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।पीड़िता बेचैनी देवी एवं निर्मला देवी ने बताया कि रात्रि करीब दो बजे अचानक तेज आंधी शुरू हुई। देखते ही देखते घर के बगल का बड़ा पीपल का पेड़ मकान पर गिर गया। पेड़ गिरने से पक्के घर की छत क्षतिग्रस्त हो गई और घर में रखा सामान भी प्रभावित हुआ। घटना के समय परिवार के लोग घर के अंदर मौजूद थे, लेकिन किसी तरह सुरक्षित बाहर निकले।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। वहीं स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि शाहिद रिजवान एवं आपदा मित्र छविलाल यादव ने भी घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित परिवार का हाल जाना और नुकसान का जायजा लिया।मुखिया प्रतिनिधि शाहिद रिजवान ने कहा कि तेज आंधी के कारण गरीब परिवार का काफी नुकसान हुआ है। प्रशासन को इसकी सूचना दी जाएगी ताकि पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता मिल सके।वहीं आपदा मित्र छविलाल यादव ने कहा कि घटना की जानकारी संबंधित विभाग को दी जा रही है। आपदा प्रबंधन के तहत पीड़ित परिवार को राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## दो बाइकों की टक्कर में दो युवक गंभीर

**पोड़ैयाहाट।** पोड़ैयाहाट-हंसडीहा मुख्य मार्ग पर माउंट एसीसी स्कूल के समीप सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घायलों की पहचान पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के पोखरिया निवासी मिस्टर अली, उम्र करीब 31 वर्ष, पिता जलील मियां तथा पोखरिया अमदुमा निवासी राजू अंसारी, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता बसीर मियां के रूप में हुई है। दुर्घटनाग्रस्त बाइकों का नंबर जेएच 17 एए 2463 एवं जेएच 17 एसी 9004 बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बाइक पोड़ैयाहाट की ओर जा रही थी, जबकि दूसरी हंसडीहा की दिशा से आ रही थी। इसी दौरान बीच सड़क पर एक टोटो की कथित लापरवाही के कारण दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर व माथे में गंभीर चोटें आईं।

## पीडीजे ने मंडल कारा का किया निरीक्षण



**गोड्डा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार, डालसा के सचिव दीपक कुमार,चीफ एलएडीसी संजय सहाय, अजीत कुमार, रीतेश कुमार सिंह, राहुल कुमार एवं जेल अधीक्षक कौशिक कुमार, जेलर प्रियरंजन कुमार आदि ने मंडल कारा, गोड्डा का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कारा परिसर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया तथा कैदियों से संबंधित समस्याओं व सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान बंदियों के आवास, भोजन, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बंदियों के बीच समानता, मानवाधिकार मानकों के पालन और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर भी ध्यान केन्द्रित किया। निरीक्षण के दौरान कारा प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार ने कहा कि नालसा एवं झालसा के निर्देश पर समय- समय पर मंडल कारा का निरीक्षण किया जाता है। इस दौरान बंदियों को मिलने वाली विधिक सहायता सहित अन्य मुद्दों की समीक्ष की जाती है। कहा कि मुलाकातियों को भी कानूनी अधिकार सुनिश्चित कराने की दिशा में शिविर आयोजित किया गए हैं। जहां एलएडीसी एवं पीएलवी मुलाकातियों को आवश्यक जानकारी मुहैया कराते हैं। मौके पर अधिकार मित्र मिथुन कुमार महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीसी ने मेहरमा के स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**गोड्डा ।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बुधवार को मेहरमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य एवं पशुपालन सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों संस्थानों में साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, आधारभूत सुविधाओं एवं सेवा व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेहरमा के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ओपीडी, वार्ड, प्रसव कक्ष, दवा भंडारण कक्ष, पंजीकरण काउंटर एवं जांच कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल भवन की मरम्मती, रंग-रोगन, विद्युत व्यवस्था, पेयजल सुविधा एवं शौचालयों की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना।

## गोड्डा में इंटेनसिव कार्यक्रम आयोजित



**गोड्डा ।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित 90 दिवसीय इंटेनसिव कार्यक्रम के तहत प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार व सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर बुधवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को झालसा के प्रोजेक्ट तृप्ति की जानकारी दी गई। इसी कड़ी में डालसा की सुंदरपहाड़ी टीम में शामिल अधिकार मित्र चुनका मरांडी एवं मंजूरी बीबी आदि ने धरमपुर व लदापाथर में कहा कि प्रोजेक्ट तृप्ति झारखंड में मानव तस्करी से बचाए गए लोगों और उनके बच्चों के पुनर्वास के लिए एक बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में मानव तस्करी की घटना अधिक होती है। ऐसे में प्रोजेक्ट तृप्ति केवल एक कानूनी योजना नहीं है, बल्कि यह पीड़ितों को समाज में सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन जीने का एक दूसरा मौका देती है।

## ग्रीन जामताड़ा मिशन को मिलेगी रफ्तार



**जामताड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जामताड़ा को हरित और स्वच्छ बनाने की दिशा में नगर पंचायत ने तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय सभागार में अध्यक्ष आशा गुप्ता की अध्यक्षता में सामाजिक संगठनों, एनजीओ, युवाओं और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में ÷ग्रीन जामताड़ा÷ अभियान को सफल बनाने को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुआ।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह भाजपा नेता तरुण कुमार गुप्ता मौजूद रहे। इस दौरान तय किया गया कि आगामी 5 जून को नगर पंचायत क्षेत्र में 2000 पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही पौधों के संरक्षण और देखरेख के लिए भी कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## गोड्डा में बकरीद को लेकर फ्लैग मार्च



**गोड्डा ।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) जयप्रकाश नारायण चौधरी, पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक एवं थाना प्रभारी आनंद कुमार साहा ने संयुक्त रूप से किया। फ्लैग मार्च में पुलिस पदाधिकारी, जवान, आईआरबी बल एवं चौकीदारों की टीम वाहन, मोटरसाइकिल एवं पैदल मार्च करते हुए जमनी पहाड़पुर, रानीडीह, करमाटांड़, राजपुरा, सरौनी बाजार, कुर्मिचक समेत विभिन्न गांवों एवं बाजार क्षेत्रों में पहुंची।

## मिहिजाम में जयंती पर याद किए गए कवि नजरुल



**मिहिजाम।** झारखंड बंगाली समिति मिहिजाम शाखा की ओर से मल्लिक पाड़ा मोड़ पर महान साहित्यकार एवं विद्रोही कवि की जयंती श्रद्धा, सम्मान और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कवि के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम में समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षिका कविता बसु ने काजी नजरुल इस्लाम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में व्याप्त असमानता, अत्याचार और कट्टरता के विरुद्ध आवाज उठाई। उनकी रचनाओं में मानवता, भाईचारे और सामाजिक न्याय की गहरी भावना दिखाई देती है।उन्होंने बताया कि विद्रोही कवि के रूप में प्रसिद्ध नजरुल ने अपनी कविताओं, गीतों और साहित्यिक रचनाओं से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उनकी प्रसिद्ध रचना विद्रोही आज भी लोगों में साहस और जागरूकता का संदेश देती है। कार्यक्रम का वातावरण साहित्यिक श्रद्धा और सांस्कृतिक उत्साह से सराबोर रहा।

## गोड्डा में महिला कॉलेज अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की तैयारियां तेज



**गोड्डा।** महिला कॉलेज स्थित शिक्षक सदन में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आगामी 5 और 6 जुलाई को परंपरागत ज्ञान प्रणाली एवं सतत विकास विषय पर होने वाले दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर बुलाई गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुमनलता ने की।इस बैठक में कॉन्फ्रेंस के संयोजक सह मुंगेर विश्वविद्यालय के केडीएस कॉलेज गोगरी के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़ी सभी उप-समितियों से अब तक हुई प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। डॉ. ठाकुर ने कहा कि गोड्डा के इतिहास में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस होने जा रही है। इसे ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए सभी के सामूहिक प्रयास और आपसी तालमेल की बेहद जरूरत है।डॉ. ठाकुर ने शोध पत्रों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए प्रकाशन समिति को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉन्फ्रेंस की स्मारिका और रिसर्च जर्नल की एडिटिंग पूरी सटीकता से की जाए ताकि शाब्दिक त्रुटियां न रहें और शोध अपने उच्च मानकों पर खरा उतरे। इसके लिए उन्होंने सभी शोध पत्रों को समय पर समीक्षक के पास भेजने की हिदायत दी ताकि समय पर शोध पत्रिका का प्रकाशन मुमकिन हो सके।

## रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट बने गोड्डा के दो छात्र



**गोड्डा।** जिले के दो युवाओं ने रेलवे विभाग में असिस्टेंट लोको पायलट (एएलपी) पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। महागामा स्थित साई आईटीआई कॉलेज के छात्रों की इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है। चयनित छात्रों में महागामा निवासी सुनील कुमार शर्मा, पिता सूचित शर्मा तथा पोड़ैयाहाट निवासी सोनू कुमार साह, पिता देवनारायण साह शामिल हैं। दोनों छात्रों की सफलता की खबर मिलते ही कॉलेज परिसर में जश्न का माहौल बन गया।वहीं कॉलेज के संचालक रूपेश कुमार जायसवाल ने दोनों सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सिर्फ छात्रों की नहीं, बल्कि संस्थान, महागामा क्षेत्र और जिले के लिए गर्व की बात है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, जरूरत सिर्फ सही मार्गदर्शन, बेहतर प्रशिक्षण और आत्मविश्वास की होती है। श्री साई आईटीआई कॉलेज तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देकर छात्रों को सफलता की राह दिखाने का कार्य कर रहा है।संचालक ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। रेलवे में छात्रों के चयन से अन्य विद्यार्थियों का भी मनोबल बढ़ेगा और वे प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति अधिक गंभीर होंगे। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने दोनों सफल

## झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के फैयाज अहमद को सौंपी गई प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चिरूडीह परिसर में झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार और पार्टी की जमीनी पकड़ को मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में संगठन की आगामी रणनीति और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया गया।बैठक में सांसद प्रतिनिधि अशोक मंडल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सगीर खान, झामुमो नेता इम्तियाज अंसारी तथा लालू अंसारी उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से फैयाज अहमद को नारायणपुर प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष फैयाज अहमद ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को गांव स्तर तक मजबूत करने और युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वहीं अशोक मंडल ने कहा कि जिले में अल्पसंख्यक मोर्चा लगातार सशक्त हो रहा है। जिलाध्यक्ष सगीर खान ने बताया कि जल्द ही प्रखंड कमेटी के अन्य पदों पर भी सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

## बकरीद को लेकर फतेहपुर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**फतेहपुर (जामताड़ा)।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को फतेहपुर बाजार में पुलिस अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकाला। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस इंस्पेक्टर बिहार मरांडी व फतेहपुर थाना प्रभारी अमर सिंह तापेए के द्वारा किया गया। फ्लैग मार्च फतेहपुर थाना परिसर से शुरू होकर फतेहपुर चौक, बजरंगबली चौक, हाई स्कूल चौक, हटिया चौक सहित क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने पैदल चलकर आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने पर्व के दौरान शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने का संदेश भी दिया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे बकरीद पर्व को मिल-जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही चेतावनी दी कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से भ्रामक सूचना फैलाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इंस्पेक्टर बिहारी मरांडी ने बताया कि जिला प्रशासन बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## डीसी ने की किसानों की योजनाओं और राशन व्यवस्था की समीक्षा

**जामताड़ा।** जामताड़ा में बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग, आपूर्ति विभाग एवं जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में किसानों के पंजीकरण, धान अधिप्राप्ति, लैंप्स के डिजिटलीकरण, उर्वरक एवं बीज वितरण, गोदाम प्रबंधन और पीएम कृषि समृद्धि योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि किसानों के निबंधन प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए तथा शेष लक्ष्यों को विभागीय गाइडलाइन के अनुसार पूरा किया जाए।आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान राशन वितरण, ई-केवाईसी, पीडीएस दुकानों की स्थिति, दाल-भात केंद्रों के संचालन एवं खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। फतेहपुर प्रखंड में अतिरिक्त खाद्यान्न गोदाम हेतु प्रस्ताव भेजने तथा अयोग्य राशन कार्डधारियों की पहचान कर पात्र लाभुकों को लाभ देने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, जिला सहकारिता पदाधिकारी सुजीत कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी क्यूम अंसारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## टोटो विरोध से गोड्डा वासियों की बढ़ी परेशानी, पैदल सामान ढोने को मजबूर यात्री



**गोड्डा ।** गोड्डा रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर बुधवार सुबह टोटो चालकों के विरोध का असर सीधे आम लोगों और यात्रियों पर देखने को मिला। रांची से आने वाली ट्रेन के पहुंचने से पहले ही कई टोटो चालकों ने स्टेशन परिसर के अंदर जाने से इनकार कर दिया, जिसके कारण यात्रियों को गोड्डा-भागलपुर मुख्य मार्ग पर ही उतार दिया गया। वहां से बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चों के साथ लोग हाथों में सामान लेकर पैदल रेलवे स्टेशन की ओर जाते नजर आए।वहीं ट्रेन के गोड्डा पहुंचने के बाद बाहर निकलने वाले यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्टेशन के बाहर कोई टोटो चालक अंदर तक नहीं पहुंचा, जिससे यात्रियों को पैदल मुख्य सड़क तक जाना पड़ा। कई लोग भारी बैग और सामान लेकर वाहन की तलाश करते दिखे। कुछ यात्रियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लंबी यात्रा के बाद इस तरह की परेशानी से काफी दिक्कत हुई।टोटो चालकों का कहना है कि नई टेंडर व्यवस्था और बढ़ी हुई राशि के कारण उन पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उनका आरोप है कि जितनी कमाई हो रही है, उससे अधिक भुगतान करना पड़ रहा है।

## बकरीद को लेकर जामताड़ा प्रशासन अलर्ट मोड में, 4 क्यूआरटी टीम तैनात



**जामताड़ा।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं।प्रशासन ने नारायणपुर, करमाटांड़, मिहिजाम थाना एवं नाला अनुमंडल क्षेत्र में 4 क्विक रिस्पॉन्स टीम सक्रिय की है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल, वीडियो रिकॉर्डिंग, गश्ती वाहन तथा दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई होगी।जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहेगा। नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर 9470591069 जारी किया गया है। इसके अलावा उपायुक्त 9431130960, पुलिस अधीक्षक 9431130811, अनुमंडल पदाधिकारी 9693741777, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) 9470591046, एसडीपीओ जामताड़ा 9470591035, एसडीपीओ नाला 9470963390 तथा आपात सहायता के लिए डायल-112 नंबर जारी किए गए हैं। प्रशासन ने आम लोगों से शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

## जन सेवा पार्टी को मिहिजाम में मिली नई ताकत




**मिहिजाम।** मिहिजाम की चर्चित समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता नीना शर्मा ने जन सेवा पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर राजनीतिक क्षेत्र में नई पारी की शुरुआत की। सदस्यता कार्यक्रम जन सेवा पार्टी संयोजक सह नेता राकेश लाल की उपस्थिति में आयोजित हुआ,इस अवसर पर राकेश लाल ने कहा कि मिहिजाम क्षेत्र में जन सेवा पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है और लोग पार्टी की नीतियों तथा सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर संगठन से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीना शर्मा के जुड़ने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी तथा महिलाओं के बीच संगठन की भागीदारी और मजबूत होगी।वहीं नीना शर्मा ने कहा कि जन सेवा पार्टी के सामाजिक सरोकारों और जनहित कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी पर भरोसा जताया है।

## जामताड़ा में फ्लैग मार्च, शांति-सौहार्द का संदेश



**जामताड़ा।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जामताड़ा पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। पर्व से पूर्व बुधवार को जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आम लोगों में विश्वास कायम करने के उद्देश्य से शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका नेतृत्व एसडीपीओ वसीम राजा ने किया। इस दौरान साइबर डीएसपी अमित रविदास, अंचल अधिकारी अबिश्वर मुर्मू, थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो समेत बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद रहे।फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख मार्गों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने, अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। प्रशासन ने पर्व के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया है।

## कड़ैया में चला टीबी मुक्त अभियान

**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नाला प्रखंड क्षेत्र के कड़ैया उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को 100 डेज टीबी कैंपेन चलाया गया। शिविर में उच्च जोखिम वाले लोगों की आधुनिक तकनीक से जांच की गई तथा संदिग्ध मरीजों के बलगम का संग्रह किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अभियान के तहत डायबिटीज, पुराने टीबी मरीज, शराब एवं धूम्रपान करने वाले, हाइपरटेंशन, एचआईवी संक्रमित तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की एआई आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से ऑन स्पॉट जांच की जा रही है। साथ ही ह्न्न्न जांच के लिए बलगम का संग्रह भी किया जा रहा है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**नाला (जामताड़ा)।** नाला थाना क्षेत्र के कालीपाथर गांव में बुधवार को एक युवक का शव जंगल में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान फनी भूषण सोरेन (25) पिता बहादुर सोरेन, निवासी कालीपाथर, प्रखंड नाला के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है।जानकारी के अनुसार फनी भूषण सोरेन मंगलवार शाम घर से निकला था, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। बुधवार दोपहर करीब एक बजे ग्रामीणों ने गांव के समीप झाड़ी में करंच के पेड़ से युवक का शव फंदे के सहारे लटका देखा। इसके बाद दलाबड़ मुखिया प्रतिनिधि गुपिन सोरेन ने मामले की सूचना नाला थाना को दी।घटना की जानकारी मिलते ही सहायक पुलिस अवर निरीक्षक चंदन कुमार सिंह सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।परिजनों ने बताया कि मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था और वह अक्सर ग्लानि की स्थिति में रहता था। इधर थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने बताया कि प्रथम दृश्यट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

## बेतहाशा बढ़ती गर्मी: भविष्य की गंभीर चेतावनी

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में हैं। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं, एक गहराते सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेतावनी है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है। मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव (लू) से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते 'डिस्कंफर्ट इंडेक्स' के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुताबिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए। यह जानना जरूरी है कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्रायः दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे 'हीट वेव' कहा जाता है। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में जब तापमान 37 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो लू चलने लगती है। हीट वेव के कारण लोगों के बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत बढ़ जाता है तथा सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1998 से 2017 के बीच हीट वेव के कारण 1.66 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और यह आंकड़ा अब वर्ष दर वर्ष तेजी से बढ़ रहा है।

# न्यू इंडिया में मोदी विजन : 12 वर्षों ने बदल दी भारत की दिशा और दशा

**-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में किसी भी सरकार का मूल्यांकन उन निर्णयों से होता है जो आने वाले समय की दिशा तय करते हैं। पिछले 12 वर्षों में भारत ने जिस परिवर्तन को महसूस किया है, उसे सिर्फ राजनीतिक बदलाव कहना पर्याप्त नहीं होगा। वर्ष 2014 से 2026 तक का दौर देश के लिए एक ऐसे परिवर्तनकारी कालखंड के रूप में उभरा है, जिसमें शासन, नीति-निर्माण, अर्थव्यवस्था, तकनीक, सामाजिक सरोकार और वैश्विक कूटनीति यानी कि हर स्तर पर भारत ने नई पहचान बनाई।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कई ऐसे साहसिक फैसले लिए, जिन्होंने भारत को ÷उभरती हुई शक्ति÷ से आगे बढ़ाकर ÷वैश्विक नेतृत्वकर्ता÷ के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वस्तुत- इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सरकार ने घाषित योजनाओं को बड़े स्तर पर जमीन तक पहुंचाने का प्रयास किया। यही कारण है कि आज मोदी सरकार के इस कार्यकाल को कई लोग ÷न्यू इंडिया÷ के निर्माण का निर्णायक दौर मानते हैं। साल 2016 में लिया गया नोटबंदी का फैसला इस दौर के सबसे चर्चित और साहसिक निर्णयों में शामिल रहा। सरकार ने इसे काले धन, नकली नोटों और आतंक वित्त पोषण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई बताया। इस फैसले ने भारतीय अर्थव्यवस्था को डिजिटल लेन-देन की दिशा में तेज गति दी। यूपीआई आधारित भुगतान प्रणाली ने भारत को दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कर दिया। आज कई देश भारत के डिजिटल पेमेंट मॉडल को अपनाने की इच्छा जता रहे हैं। डिजिटल इंडिया अभियान ने गांव से लेकर महानगर तक तकनीक को आम आदमी की जिंदगी का हिस्सा बना दिया।इसके बाद वर्ष 2017 में लागू हुआ जीएसटी भारतीय आर्थिक सुधारों का बड़ा अध्याय साबित हुआ। ÷एक राष्ट्र, एक कर÷ की अवधारणा ने पूरे देश को एकीकृत कर बाजार में बदल दिया। पहले जहां अलग-अलग राज्यों और केंद्र के अनेक कर व्यापारियों के लिए जटिलता पैदा करते थे, वहीं जीएसटी ने कर व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाया। आज लगातार बढ़ता जीएसटी संग्रह इस बात का संकेत माना जा रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था औपचारिक और मजबूत हो रही है।

मोदी सरकार के कार्यकाल का सबसे बड़ा राजनीतिक और संवैधानिक फैसला जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने को माना जाता है। दशकों से लंबित इस मुद्दे को हल कर सरकार ने ÷एक देश, एक विधान की अवधारणा को लागू करने का दावा किया। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित किया गया। इसके बाद वहां निवेश, पर्यटन और आधारभूत विकास को नई गति मिलने की बात कही गई। निश्चित ही सरकार का यह फैसला राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता के रूप में आज हमारे सामने है।

सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में तीन तलाक कानून भी एक महत्वपूर्ण कदम रहा। मुस्लिम महिलाओं को तत्काल तीन तलाक से कानूनी सुरक्षा देकर सरकार ने लैंगिक समानता की दिशा में बड़ा संदेश देने का प्रयास किया। इसे महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने वाला निर्णय बताया गया।

इसके साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी सीएए भी मोदी सरकार के प्रमुख फैसलों में शामिल रहा। सरकार ने इसे पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों के लिए मानवीय पहल बताया। इसके जरिए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने का रास्ता खोला गया। कोविड-19 महामारी के दौरान ÷आत्मनिर्भर भारत÷ अभियान ने सरकार की आर्थिक रणनीति को नई दिशा दी। 20 लाख करोड़ रुपये के पैकेज के जरिए स्थानीय उद्योगों, एमएसएमई और विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती देने की कोशिश की गई। ÷मेक इन इंडिया अभियान ने भी इसी दिशा में भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का प्रयास किया। रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा जैसे क्षेत्रों में विदेशी निवेश बढ़ा और भारत की भूमिका वैश्विक सप्लाई चेन में मजबूत हुई।इन 12 वर्षों में वित्तीय समावेशन की दिशा में भी बड़ा बदलाव देखा गया। प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत करोड़ों लोगों को पहली बार बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर यानी डीबीटी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचने लगा। इससे भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका कम होने का दावा किया गया।

विश्व बैंक जैसी संस्थाओं ने भी इस मॉडल की सराहना की।दूसरी ओर उज्ज्वला योजना ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाने का काम किया। करोड़ों परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन मिलने से धुएं से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं में कमी आई और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ। इसी तरह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सहारा देने का प्रयास किया।मोदी सरकार के कार्यकाल में बुनियादी ढांचे के विकास को भी विशेष प्राथमिकता मिली। एक्सप्रेसवे, हाईवे, आधुनिक रेलवे स्टेशन, वंदे भारत ट्रेनें और नए एयरपोर्ट आज विकसित भारत की नई तस्वीर पेश करते दिखाई देते हैं। उड़ान योजना ने छोटे शहरों को हवाई सेवा से जोड़ा, जबकि रेलवे और सड़क नेटवर्क के विस्तार ने लॉजिस्टिक्स लागत कम करने में मदद की। विदेश नीति के मोर्चे पर भी भारत की भूमिका पहले से अधिक प्रभावशाली नजर आई। क्वाड जैसे रणनीतिक समूहों में भारत की भागीदारी मजबूत हुई। ÷वैक्सीन मैत्री÷ अभियान के जरिए कोविड संकट के दौरान अनेक देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराकर भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी सॉफ्ट पावर को बढ़ाया। जी-20 समिट की सफल अध्यक्षता ने भी भारत को विकासशील देशों की मजबूत आवाज के रूप में स्थापित किया।

स्वच्छ भारत मिशन ने देश में स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप दिया, जबकि आयुष्मान भारत योजना ने करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराई। जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्य घर योजना, नमो ड्रोन दीदी और पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं ने ग्रामीण और कमजोर वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया।

# पेट्रोल के बढ़ते भाव : महंगाई, ऊर्जा सुरक्षा और नीति-निर्माण की चुनौती

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

पिछले कुछ समय से देश के शहरों और गांवों में एक चिंता लगातार सुनाई दे रही है—पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ती कीमतें। यह चिंता केवल वाहन चलाने वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव हर उस नागरिक पर पड़ता है जो रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करता है। जब पेट्रोल महंगा होता है तो उसका असर केवल पेट्रोल पंप तक नहीं रहता; वह परिवहन, खाद्य पदार्थों, निर्माण सामग्री, कृषि लागत और घरेलू बजट तक पहुंच जाता है। इसलिए पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को केवल एक आर्थिक घटना मानना पर्याप्त नहीं है। यह एक सामाजिक, राजनीतिक और नीतिगत प्रश्न भी है, जो सरकार, बाजार और नागरिक—तीनों से जुड़ा हुआ है।

भारत जैसे विकासशील देश में ऊर्जा केवल आर्थिक गतिविधियों का आधार नहीं है, बल्कि सामाजिक गतिशीलता और विकास की भी महत्वपूर्ण शक्ति है। देश का विशाल परिवहन तंत्र, कृषि क्षेत्र, औद्योगिक उत्पादन और सेवा क्षेत्र बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भर हैं। ऐसे में जब पेट्रोल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका प्रभाव अर्थव्यवस्था के लगभग हर क्षेत्र में दिखाई देता है। यही कारण है कि पेट्रोल के बढ़ते भाव हमेशा जनचर्चा और राजनीतिक बहस का विषय बन जाते हैं। पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों को समझने के लिए सबसे पहले यह जानना आवश्यक है कि भारत अपनी तेल आवश्यकताओं का अधिकांश हिस्सा आयात करता है। देश अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक विदेशों से खरीदता है। इसका अर्थ यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव भारतीय उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ता है। यदि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ती है तो भारत को अधिक भुगतान करना पड़ता है, और उसका असर अंततः खुदरा कीमतों में दिखाई देता है।

वैश्विक तेल बाजार केवल आर्थिक कारकों से प्रभावित नहीं होता। इसके पीछे भू-राजनीतिक परिस्थितियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पश्चिम एशिया में तनाव, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, प्रमुख तेल उत्पादक देशों की उत्पादन नीतियां, रूस-यूक्रेन संघर्ष जैसे कारक तेल की कीमतों को प्रभावित करते हैं। किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष या आपूर्ति संकट का असर कुछ ही दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार पर दिखाई देने लगता है। भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए यह एक बड़ी चुनौती है क्योंकि घरेलू बाजार को इन परिस्थितियों से पूरी तरह अलग नहीं रखा जा सकता। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार एक महत्वपूर्ण कारण है, लेकिन पेट्रोल की कीमतों का पूरा सच केवल वहीं तक सीमित नहीं है। भारत में पेट्रोल और डीज़ल की खुदरा कीमतों में करों की भी बड़ी भूमिका होती है। पेट्रोल की अंतिम कीमत में कच्चे तेल की लागत के अलावा केंद्र सरकार का उत्पाद शुल्क, राज्य सरकारों का मूल्य वर्धित कर (वैट), परिवहन लागत और डीलर कमीशन भी शामिल होता है। यही कारण है कि अलग-अलग राज्यों में पेट्रोल की कीमतें अलग-अलग होती हैं। तेल पर लगने वाले कर सरकारों के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इन करों से प्राप्त आय का उपयोग सड़क निर्माण, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के वित्तपोषण में किया जाता है। लेकिन दूसरी ओर यही कर आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी डालते हैं। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है और कर संरचना में कोई राहत नहीं मिलती, तब उपभोक्ताओं को दोहरी मार झेलनी पड़ती है। यही स्थिति अक्सर राजनीतिक बहस का कारण बनती है। पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव परिवहन क्षेत्र पर दिखाई देता है। टैक्सी चालक, ऑटो चालक, ट्रक मालिक, बस संचालक और डिलीवरी सेवाओं से जुड़े लाखों लोग बढ़ती लागत का सामना करते हैं। उनके सामने सामान्यतः दो विकल्प होते हैं—या तो बढ़ी हुई लागत को स्वयं वहन करें अथवा किराए और सेवा शुल्क बढ़ाकर उसका भार उपभोक्ताओं पर डाल दें। अधिकांश मामलों में दूसरा विकल्प अपनाया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ने लगती हैं।

## पाकुड़ की खबरें

### उपायुक्त ने अनुमंडल, एलआरडीसी कार्यालय एवं जिला अभिलेखागार का किया निरीक्षण



**पाकुड़।** बुधवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज नेअनुमंडल कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता (एलआरडीसी) कार्यालय एवं जिला अभिलेखागार का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालयीन कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को ईमानदारी, जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अनुमंडल कार्यालय और एलआरडीसी कार्यालय में संचालित प्रशासनिक एवं राजस्व संबंधी कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल देते हुए कहा कि आमजनों से जुड़े मामलों का निपटारा समयबद्ध एवं संवेदनशील तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान उपायुक्त ने जिला अभिलेखागार में संधारित अभिलेखों एवं रिकॉर्ड के रखरखाव का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेख प्रति प्राप्ति से संबंधित आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए अभिलेखागार प्रभारी को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आवेदन प्राप्ति पंजी, अभिलेख प्रति निर्गत पंजी, उपस्थिति पंजी, कर्मियों के कार्य निर्धारण पंजी तथा सीसीटीवी व्यवस्था का क्रमवार अवलोकनसे किया। उपायुक्त ने कहा कि कार्यालयों में बेहतर कार्य संस्कृति, सुव्यवस्थित अभिलेख प्रबंधन और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था आमजनों के विश्वास को मजबूत करती है। उन्होंने सभी कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करने का निर्देश दिया।

### बकरीद पर्व को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**लिट्टीपाड़ा( पाकुड़)।** बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को लिट्टीपाड़ा बीडीओ संजय कुमार प्रभारी थाना प्रभारी अनिल पंडित के नेतृत्व में क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों में भरोसा जगाया।फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर तिलका मांझी चौक, जोबोडीह और रांगा तक गया। इसके बाद पुनः थाना परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। मार्च के दौरान पुलिस बल ने पूरे इलाके में गश्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया।प्रभारी थाना प्रभारी अनिल पंडित ने आम नागरिकों से अपील की कि वे पर्व के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और हर गतिविधि पर पुलिस की नजर है।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस की सक्रियता से लोगों में सुरक्षा का एहसास दिखा। प्रशासन ने साफ किया कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।मौक़ ए एस आईगोपाल कुमार महतो, मोतीलाल मिश्रा, बुद्धिराम हेमब्रम, विजय कुमार मंडल, संतोष, सोनालाल अशोक यादव पुलिस जवान शामिल थे।

### बकरीद को लेकर जिलाप्रशासन सतर्क

**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पाकुड़ जिला प्रशासन पूरी तरह से एक्शन मोड में है। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देश के पर बुधवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों और सीमावर्ती इलाकों में पुलिस प्रशासन द्वारा भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच सुरक्षा का भरोसा जगाना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है।बुधवार को निकाला गया यह फ्लैग मार्च एसडीओ साइमन मारंडी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। एसडीपीओ कुमार गौरव, सीओ अरविंद कुमार बेदिया सहित पाकुड़ नगर थाना, मुफस्सिल थाना और मालपहाड़ी थाना के प्रभारियों समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए संवेदनशील और सीमावर्ती क्षेत्रों तक पहुंचा। हिरणपुर = बकरीद पर्व को लेकर बुधवार को प्रशासन ने हिरणपुर अंचल क्षेत्र में फ्लैगमार्च निकाला गया। इस फ्लैगमार्च में बीडीओ टुडू दिलीप , अंचलाधिकारी मनोज कुमार , थाना प्रभारी विनय कुमार सहित काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी व जवानों ने भाग लिया। जो कमलघाटी , बरमसिया , बड़तल्ला , मंझलाडीह , होते हुए डांगापाड़ा , दराजमाठ , मोहनपुर , तोड़ाई , विपतपुर आदि जगहों मे परिक्रमा किया। जहां लोगो से अपील करते हुए पदाधिकारियो ने कहा कि पर्व को शांति व आपसी भाईचारे के साथ मनाए। पर्व एक दुसरो से खुशियां बांटने की है। सभी लोग मिलजुलकर को सौहार्दपूर्ण रूप से मनाए।

### पाकुड़ में पीसीसी सड़क और नाली निर्माण का हुआ शिलान्यास

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**पाकुड़।** मंगलवार को नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 9, 10 एवं 14 के सर्वांगीण विकास और बुनियादी समस्याओं के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। नगर परिषद अध्यक्ष सबरी पाल, उपाध्यक्ष राणा ओझा, कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी तथा संबंधित वार्ड पार्षद विमल चंद्र राउत, गुड्डू कुमार भगत एवं मो. मुस्ताक अंसारी ने लगभग 83 लाख 4 हजार 79 रुपये की लागत से बनने वाली चार सड़क एवं नाली निर्माण योजनाओं का संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद निभा देवी, पूनम देवी, तनु दास, अनिकेत गोस्वामी, रियाज अंसारी, राखी सरदारनी, कृष्णा शर्मा तथा विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद समेत अन्य लोग मौजूद थे।मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न वार्डों में नए मार्गों को एक-दूसरे से जोड़ने तथा लोगों को आवागमन में सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सड़क निर्माण योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में सहूलियत होगी, जाम की समस्या से राहत मिलेगी तथा संपर्क व्यवस्था और बेहतर होगी।वहीं नगर परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि नगर परिषद की ओर से नए सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया गया है। इन योजनाओं के पूरा होने से लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी तथा जलजमाव और कीचड़ की समस्या से निजात मिलेगी।उन्होंने मौके पर मौजूद संवेदकों एवं विभागीय अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नगर परिषद की ओर से संचालित किसी भी कल्याणकारी योजना एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी अभियंताओं को निर्माण स्थल पर मौजूद रहकर योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से मूर्त रूप देने का निर्देश दिया गया।

### ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा चोर

**पाकुड़।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत इस्लामपुर गांव में चोरी की नीयत से एक घर में घुसे युवक को स्थानीय ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। घटना के बाद गांव में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना मुफस्सिल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने चली गई।थाने में आरोपी से पूछताछ की गई, जिसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक इसी इस्लामपुर गांव का रहने वाला बताया जा रहा है।आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### महेशपुर में फ्लैग मार्च निकाला गया

**महेशपुर (पाकुड़)।**आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद )को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ विजय कुमार ने किया। फ्लैग मार्च में बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ संजय कुमार सिन्हा, पुलिस निरीक्षक मदन कुमार शर्मा, थाना प्रभारी रवि शर्मा के अलावे पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे। इस दौरान पुलिस ने बाजार, मुख्य चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए लोगों से शांति एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कही गई। वहीं सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों पर भी प्रशासन की नजर बनी हुई है। पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

### नाबालिग लड़की को भगाने के आरोपी को भेजा जेल

**हिरणपुर (पाकुड़)।** नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोपी गंगासागर तुरी उर्फ छोटू को पुलिस ने बीते मंगलवार रात को मुर्गाडांगा गांव से गिरफ्तार किया। जिसे बुधवार को न्यायिक उपास्थापन में पाकुड़ भेज दिया गया। एक गांव के नाबालिग लड़की को शादी की झांसा देकर आरोपी बीते 24 मई की रात को भगा ले गया था। इसको लेकर थाना में पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज की गई थी। पुलिस ने छापेमारी कर नाबालिग लड़की को बरामद किया। वही आरोपी को भी मौके से ही गिरफ्तार किया गया था। इस सम्बंध में थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सघन छापेमारी कर लड़की को बरामद किया।

### बकरीद को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**मंडरो।** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र में बकरीद पर्व को लेकर बुधवार संध्या के समय मिर्जाचौकी थाना के प्रभारी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार प्रभाकर के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकला गया.उन्होंने बताया कि फ्लैग मार्च निकालने का मुख्य उद्देश्य है. कि बकरीद पर्व शांतिपूर्ण संपन्न हो किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो.मौके पर दर्जनो पुलिस बल के जवान मौजुद थे.


### पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**पाकुड़।** बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाहिन परवेज ने अपने विचार साझा किए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेहरू द्वारा स्थापित संस्थाओं और देश निर्माण की सोच को वर्तमान सरकार निजी हाथों में सौंपने का कार्य कर रही है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि उन्हें वर्तमान सरकार के रास्ते पर नहीं, बल्कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के पदचिह्नों एवं विचारधारा पर चलना चाहिए।

### पाकुड़ व्यवहार न्यायालय में हुआ प्याऊ का उद्घाटन




**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** बुधवार को ज़िला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय ने पाकुड़ व्यवहार न्यायालय के मुख्य द्वार पर प्याऊ का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ एवं लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने कहा कि बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए झालसा रांची के निर्देश पर प्याऊ शीतल जल की व्यवस्था की गई है, ताकि अधिवक्ताओं, राहगीरों, मजदूरों एवं आमजनों को राहत मिल सके।कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रजनीकांत पाठक, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम कुमार क्रांति प्रसाद, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीत कुमार चंद्र, डालसा सचिव रूपा बंदना किरो, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सदिश उज्जवल बेक, प्रभारी न्यायाधीश विजय कुमार दास, बार एसोसिएशन के सचिव दीपक ओझा, लायंस क्लब के सदस्य, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ता, मेडियेटर, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### तालझारी पुलिस ने बकरीद को लेकर किया फ्लैग मार्च

**साहिबगंज।** ईद उल अजहा पर्व में शांति,सौहार्द व सुरक्षा को लेकर तालझारी सीओ सह बीडीओ राम सुमन प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र में बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला.इस दौरान थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की. मौके पर थाना के एसआई व एएसआई सहित सैंकड़ों पुलिस बल मौजूद थे.

### बकरीद को लेकर प्रशासन अलर्ट

**संताल एक्सप्रेस पाकुड़ ।** उन्होंने कहा कि बकरीद त्याग, समर्पण, प्रेम और मानवता का संदेश देने वाला पर्व है। सभी लोग आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं भाईचारे की भावना के साथ पर्व मनाएं तथा जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।डीसी ने बताया कि बकरीद को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है। जिले के सभी संवेदनशील स्थलों एवं थाना क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी एवं ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी विशेष मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट साझा करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।डीसी ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस को दें। सभी लोग प्रेम, शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं और जिले की गंगा-जमुनी तहजीब एवं सामाजिक एकता को मजबूत करें।


**स्पेशल ट्रेनको**

**नावां दिल्ली आर हावड़ा ताला रे**

सेतोङ दिन ताला रे सांगाड़ियाकोवाक् बांड़ती भीड़ दाराम लागित् ते, **04048/04047 नावां दिल्ली–हावड़ा–नावां दिल्ली आर 04050/04049 नावां दिल्ली–हावड़ा–नावां दिल्ली** स्पेशल ट्रेनको दो लातार रे ओलाकान सोमोयटेवान, हिजुक्-सेनोक् रेयाक् तारीकको, तेंगोनको आर गोठोन लेका रे चालावोक्आः-

**04048/04047 नई दिल्ली – हावड़ा – नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन**

| नई दिल्ली – हावड़ा | | | (04048) (04047) | हावड़ा – नई दिल्ली | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | सेटेरोक्आ | लाड़ाक्आ | स्टेशन | सेटेरोक्आ | लाड़ाक्आ | दिन |
| ञुहुम | – | 18.15 | ↓ नई दिल्ली | 08.20 | – | बाले |
| | 06.10 | 06.15 | प्रयागराज जंक्शन | 18.40 | 18.45 | |
| | 13.25 | 13.35 | पटना जंक्शन | 11.40 | 11.50 | |
| सिंगे | 19.17 | 19.22 | आसनसोल जंक्शन | 04.50 | 04.55 | ओते |
| | 21.36 | 21.38 | बर्द्धमान | 03.11 | 03.13 | |
| | 23.40 | – | हावड़ा ↑ | – | 01.40 | |

चेतान रेयाक् स्पेशल ट्रेनको दो बानार नाखा खोन डाहार रे गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूण्डला, जंक्शन, गोविंदपुरी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, ब तियारपुर जंक्शन, किऊल जंक्शन, झाझा, जसीडीह जंक्शन, मधुपुर जंक्शन, चित्तरंजन, दुर्गापुर आर बैण्डेल स्टेशन रे तेंगोना। **चालाक् रेयाक् तारीक आर दिनः नावां दिल्ली खोन–04048** माहित 28/05/2026 (सारदीमाहां) हिलोक् = 01 ट्रिप आर **हावड़ा खोन– 04047** माहित 30/05/2026 (ञुहुममाहां) हिलोक् = 01 ट्रिप। **गोठोनः** एसी-3 टियर-02, शयनयान श्रेणी - 10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 02 आर एसएलआरडी - 02 = मोट 16 कोच। **कैटेगरीः** मेल/एक्सप्रेस।

**04050/04049 नई दिल्ली – हावड़ा – नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन**

| नई दिल्ली – हावड़ा | | | (04050) (04049) | हावड़ा – नई दिल्ली | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | सेटेरोक्आ | लाड़ाक्आ | स्टेशन | सेटेरोक्आ | लाड़ाक्आ | दिन |
| ञुहुम | – | 18.15 | ↓ नई दिल्ली | 08.20 | – | बाले |
| | 06.10 | 06.15 | प्रयागराज जंक्शन | 18.40 | 18.45 | |
| | 13.25 | 13.35 | पटना जंक्शन | 11.40 | 11.50 | |
| सिंगे | 19.17 | 19.22 | आसनसोल जंक्शन | 04.50 | 04.55 | ओते |
| | 21.36 | 21.38 | बर्द्धमान | 03.11 | 03.13 | |
| | 23.40 | – | हावड़ा ↑ | – | 01.40 | |

चेतान रेयाक् स्पेशल ट्रेनको दो बानार नाखा खोन डाहार रे गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूण्डला जंक्शन, गोविंदपुरी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, ब यारपुर जंक्शन, किऊल जंक्शन, झाझा, जसीडीह जंक्शन, मधुपुर जंक्शन, चित्तरंजन, दुर्गापुर आर बैण्डेल स्टेशन रे हों तेंगोना। **चालाक् रेयाक् तारीक आर दिनः नावां दिल्ली खोन - 04050** माहित 30/05/2026 (ञुहुममाहां) हिलोक् = 01 ट्रिप आर **हावड़ा खोन - 04049** माहित 01/06/2026 (ओतेमाहां) हिलोक् = 01 ट्रिप। **गोठोनः** एसी-3 टियर - 04, शयनयान श्रेणी - 05, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 10, पावर कार - 01 आर एलएसएलआरडी - 01 = 21 कोच। **कैटेगरीः** मेल/एक्सप्रेस।

**पूर्व रेलवे**

नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बकरीद को लेकर प्रशासन अलर्ट सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर



**देवघर ।** आगामी ईद-उल-जोहा यानी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी सिलसिले में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर आयोजित शांति समिति की बैठकों की समीक्षा करते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा। साइबर सेल और पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। भ्रामक खबरें फैलाने या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थलों और मस्जिदों के बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। किसी भी आपात स्थिति या शिकायत के त्वरित समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष को चौबीसों घंटे सक्रिय रखने का निर्देश भी दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी देवघर और मधुपुर को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने को कहा गया है। बैठक में साफ-सफाई, पेयजल और बिजली व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। नगर क्षेत्र में बकरीद के दिन विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा गया है। पेयजल विभाग को पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा बिजली विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में उपायुक्त ने जिलेवासियों से बकरीद का पर्व पारंपरिक गरिमा, आपसी प्रेम और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन या कंट्रोल रूम को देने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर एवं मधुपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, डीएमएफटी की टीम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## एम्स देवघर के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जुलाई सत्र के लिए नामांकन शुरू

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देवघर के क्षेत्रीय केंद्र द्वारा जुलाई 2026 सत्र के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कर्मियों हेतु विभिन्न व्यावसायिक एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एम्स देवघर के फैकल्टी सदस्य एवं IGNOU-AIIMS पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. अरशद अयूब ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को मजबूत बनाने और चिकित्सा कर्मियों के कौशल विकास के उद्देश्य से ये पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। डॉ. अयूब के अनुसार ये पाठ्यक्रम चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों तथा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े अन्य पेशेवरों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्राथमिक उपचार तथा स्वास्थ्य अपशिष्ट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं अद्यतन ज्ञान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की कि वे जुलाई 2026 सत्र के लिए समय पर आवेदन करें। ते हैं।

## देवघर में दाऊ जी सरकार का स्वागत



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** बाबा बैद्यनाथ धाम आस्था के प्रमुख केंद्र बाबा बैद्यनाथ धाम में मैहर धाम माँ शारदा शक्तिपीठ के प्रधान पुजारी पवन महाराज (दाऊ सरकार) का शुभ आगमन हुआ। इस अवसर पर आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रधान पुजारी पवन महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा बैद्यनाथ धाम पूरे देश की आस्था और सनातन संस्कृति का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने देवघर की पावन भूमि पर पहुंचकर आध्यात्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होने की बात कही। साथ ही उन्होंने देशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए युवाओं से सनातन धर्म की परंपराओं एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान आदर्श लक्ष्य ने कहा कि देवघर की पवित्र धरती पर दाऊ सरकार का आगमन सभी के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने बाबा बैद्यनाथ से श्रद्धालुओं के कल्याण एवं राज्य की उन्नति की प्रार्थना की। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग, श्रद्धालु एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा।

## देवघर में मनी पंडित नेहरू की पुण्यतिथि



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजेंद्र दास की अध्यक्षता में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न प. जवाहरलाल नेहरु की 62वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने देश में लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच, शिक्षा, उद्योग तथा पंचवर्षीय योजनाओं की मजबूत नींव रखी। उनका योगदान देश के विकास में सदैव याद किया जाएगा। जिला अध्यक्ष राजेंद्र दास ने कहा कि पंडित नेहरू का सपना एक मजबूत, लोकतांत्रिक और समावेशी भारत का था। उनके विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना आज की आवश्यकता है। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेशानंद झा ने नेहरू जी की दूरदर्शी सोच को वर्तमान समय में अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने तथा देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर सभा का समापन किया गया।

## बकरीद को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



**देवघर ।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। एसपी प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर बुधवार को जिले के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। मार्च का उद्देश्य आम लोगों में सुरक्षा और विश्वास का माहौल कायम करना तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखना था। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस पदाधिकारी और जवानों ने संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की। इस दौरान बाजार, चौक-चौराहों और प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा का एहसास दिखा। पुलिस अधिकारियों ने आमजनों से पर्व के दौरान शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील भी की। पुलिस प्रशासन ने साफ किया कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अफवाह या अशांति फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। वहीं फ्लैग मार्च के जरिए लोगों को यह संदेश दिया गया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

# मधुपुर : जाभागुड़ी की बंद खदान में गिरा चार वर्षीय मासूम, तीन दिन बाद भी नहीं मिला सुराग



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर/बुढ़ई ।** अनुमंडल के बुढ़ई थाना क्षेत्र अंतर्गत जाभागुड़ी पंचायत के तितमोही गांव में रविवार को हुई दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। गांव निवासी दिलीप हांसदा के चार वर्षीय पुत्र सौरभ हांसदा के बंद पड़ी खदान में गिर जाने के तीन दिन बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया है। लगातार चल रहे खोज अभियान के बावजूद मासूम का सुराग नहीं मिलने से परिजनों की चिंता और व्याकुलता बढ़ती जा रही है। वहीं पूरे गांव में मातम और बेचैनी का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को सौरभ अपने चाचा के साथ गांव के समीप स्थित एक पुरानी एवं परित्यक्त खदान के पास नहाने गया था। बताया जाता है कि इसी दौरान खेलते-खेलते वह खदान के किनारे पहुंच गया और अचानक संतुलन बिगड़ने से पानी से लबालब भरी गहरी खदान में गिर गया। घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बच्चा पानी में ओझल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बच्चे को बचाने के लिए ग्रामीण तत्काल खदान की ओर दौड़े, लेकिन खदान की अत्यधिक गहराई और उसमें भरे पानी के कारण किसी को सफलता नहीं मिल सकी। हादसे की सूचना मिलते ही सौरभ के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर बच्चे की खोज के लिए हरसंभव प्रयास किए। रस्सियों, स्थानीय साधनों और नाव जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से खदान में तलाश की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।घटना की खबर आसपास के गांवों में फैलते ही बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। देर रात तक ग्रामीण बच्चे की तलाश में लगे रहे, लेकिन अंधेरा और खदान की जटिल परिस्थितियां खोज अभियान में बड़ी बाधा बनी रहीं।

घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ई थाना पुलिस, राजस्व विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया तथा खोज एवं बचाव कार्य शुरू कराया। प्रारंभिक प्रयासों के बावजूद जब कोई सफलता नहीं मिली, तब प्रशासन ने विशेष बचाव दल की सहायता लेने का निर्णय लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सोमवार से ही एनडीआरएफ की टीम को घटनास्थल पर लगाया गया है। टीम आधुनिक उपकरणों, सुरक्षा संसाधनों और तकनीकी सहायता के साथ लगातार खदान में खोज अभियान चला रही है। मंगलवार को भी एनडीआरएफ के जवानों ने घंटों तक खदान में सघन तलाशी अभियान चलाया। पानी की गहराई, खदान की संरचना और दृश्यता की कमी के कारण अभियान चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

# बिजली तार की चपेट में आने से युवक की मौत विधायक उदय ने जेबीवीएनएल पर उठाए सवाल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जिले के सारठ विधानसभा क्षेत्र में जर्जर बिजली तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना बीते 26 मई को हुई थी। मामले को लेकर सारठ विधायक उदय शंकर सिंह ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड

जेबीवीएनएल के सीएमडी को पत्र लिखकर विभागीय लापरवाही पर सवाल उठाए हैं।

विधायक द्वारा जारी पत्र के अनुसार, ग्राम खून, चितरा निवासी अमित मरांडी की 11 हजार वोल्ट के जर्जर बिजली तार के टूटकर गिरने से करंट लगने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जर्जर तार, अधूरी विद्युत योजनाएं और कंडक्टर की कमी जैसी समस्याओं को लेकर पूर्व में भी विभाग को अवगत कराया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पत्र में उल्लेख किया गया है कि घटना के बाद विभाग की ओर से मृतक के परिजनों को 6 लाख रुपये मुआवजा, मृतक के पिता को अनुकंपा के आधार पर नौकरी और आवास देने की घोषणा की गई है। उदय शंकर सिंह ने कहा कि सारठ क्षेत्र में आए दिन जर्जर बिजली तारों के कारण हादसे हो रहे हैं, जिससे लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। उन्होंने जेबीवीएनएलसे तत्काल जर्जर तारों को बदलने और लंबित विद्युत कार्यों को पूरा कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विधायक ने इस मामले की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और जेबीवीएनएल (झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड) के निदेशक (वितरण एवं परियोजना) को भी भेजी है।

# देवघर पुलिस ने पांच साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देवघर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक कैलाश प्रसाद महतो के नेतृत्व में मारगोमुण्डा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में मोबाइल, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, नकदी और वाहन बरामद किए हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मारगोमुण्डा इलाके में कुछ लोग फर्जी तरीके से फ्लिपकार्ट, अमेजॉन और फोन पे कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इसके अलावा एयरटेल पेमेंट बैंक के अधिकारी बनकर भी लोगों को झांसे में लिया जा रहा था। साइबर अपराधी पीएम किसान योजना और लोन दिलाने के नाम पर भी लोगों से ऑनलाइन ठगी कर रहे थे। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर पांच आरोपितों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों में पदनियां निवासी 26 वर्षीय अयुब असारी, जोगीडीह निवासी 40 वर्षीय मुस्तफा अंसारी, पदनियां निवासी 33 वर्षीय मो. बाबर अंसारी, 29 वर्षीय इरफान अंसारी तथा पंचरुखी निवासी 31 वर्षीय समीद अंसारी शामिल हैं। सभी आरोपित मारगोमुण्डा थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी फर्जी गूगल पे, फोन पे और पेटीएम कस्टमर केयर अधिकारी बनकर लोगों को कैशबैक का लालच देते थे। इसके बाद उनसे फोन पे गिफ्ट कार्ड बनवाकर रकम अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते थे। वहीं, एयरटेल पेमेंट बैंक का अधिकारी बनकर लोगों का कार्ड बंद कराने और दोबारा चालू कराने के नाम पर भी ठगी की जाती थी। पुलिस के अनुसार गिरोह साइबर अपराधियों को फर्जी एटीएम कार्ड उपलब्ध कराने के साथ-साथ ऑनलाइन ठगी से निकाली गई रकम को नकद में बदलने का काम भी करता था। इसके एवज में आरोपी 25 प्रतिशत कमीशन लेते थे। बताया जा रहा है कि ये लोग इलाके में सक्रिय साइबर गिरोहों को संरक्षण भी दे रहे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नकद रुपये पहुंचाने जा रहे हैं, तभी कार्रवाई कर उन्हें पकड़ लिया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपितों के पास से 11 मोबाइल फोन, 24 सिम कार्ड, 16 एटीएम कार्ड, एक लाख 22 हजार 60 रुपये नकद, एक स्कॉर्पियो और एक पल्सर बाइक बरामद की है। बरामद मोबाइल और सिम कार्ड की प्रारंभिक जांच में साइबर ठगी से जुड़े कई सुराग मिले हैं। इस कार्रवाई में मधुपुर अंचल के पुलिस निरीक्षक राउतु होनहागा, मारगोमुण्डा थाना प्रभारी शशि कपूर, साहेब राम किस्कू तथा मधुपुर थाना के संदीप कुमार भगत शामिल थे। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# बाबा धाम में श्रद्धालुओं के लिए बनेगा लॉकर रूम, सामान रखने की चिंता होगी दूर



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को अब सामान रखने की समस्या से राहत मिलने वाली है। मंदिर प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक लॉकर रूम का निर्माण कराया जा रहा है। इस व्यवस्था के शुरू होने के बाद श्रद्धालु सुरक्षित तरीके से अपने बैग, मोबाइल, जूते-चप्पल एवं अन्य जरूरी सामान जमा कर मंदिर में पूजा-अर्चना कर सकेंगे। मंदिर प्रशासन के अनुसार सावन एवं अन्य विशेष अवसरों पर बाबा धाम में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे सामान रखने को लेकर काफी परेशानी होती थी। नई लॉकर सुविधा से यात्रियों को सुरक्षा और सुविधा दोनों मिलेंगी। प्रशासन का कहना है कि लॉकर रूम में सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत रहेगी तथा इसे व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाएगा। इससे बाबा धाम आने वाले श्रद्धालुओं का यात्रा अनुभव और बेहतर होगा।

# विवादित जमीन की प्लॉटिंग और बिक्री पर झामुमो ने जताई आपत्ति, सीओ से ली जानकारी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** थाना क्षेत्र के पिपरासोल मौजा स्थित एक विवादित जमीन की कथित अवैध प्लॉटिंग एवं बिक्री को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचलाधिकारी यामुन रविदास को आवेदन सौंपा। नेताओं ने आरोप लगाया कि जिस जमीन के मूल रैयत की मृत्यु हो चुकी है और जिसके वारिसों का स्पष्ट विवरण उपलब्ध नहीं है, उस जमीन को कुछ भू-माफियाओं द्वारा अवैध रूप से प्लॉटिंग कर बेचने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अबू तालिब अंसारी, देवघर जिला सचिव दिनेश्वर किस्कू, प्रखंड अध्यक्ष शाकिर अंसारी तथा विधायक प्रतिनिधि गंगादास शामिल थे। झामुमो नेताओं ने बताया कि पिपरासोल की उक्त जमीन को लेकर स्थानीय रैयतों द्वारा पहले ही अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर के समक्ष आवेदन देकर अनियमितताओं की शिकायत की गई थी।

उनका कहना है कि जमीन के मूल मालिक की मृत्यु हो चुकी है तथा उत्तराधिकार संबंधी स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण यह मामला जांच के दायरे में है। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा जमीन की प्लॉटिंग कर उसकी बिक्री की जा रही है, जिससे भविष्य में बड़े पैमाने पर विवाद उत्पन्न होने की आशंका है। नेताओं ने कहा कि संबंधित जमीन को फोती सरकारी अभिलेख में मृतक अथवा उत्तराधिकारी विहीन भूमि के रूप में दर्ज करने की प्रक्रिया किए जाने की कार्रवाई चल रही है। यदि नियमानुसार जमीन फोती घोषित हो जाती है, तो वह सरकारी भूमि की श्रेणी में आ जाएगी। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा भूमि का उपयोग जनहित में किया जा सकता है तथा भूमिहीन एवं कम भूमि वाले गरीब रैयतों के बीच बंदोबस्ती की प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है।

## पं जवाहरलाल नेहरू की मनायी गयी पुण्यतिथि



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** कचहरी परिसर में देवघर जिला इंटक एवं देवघर जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा,देवघर जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष नित्यानंद सेवक, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव मुन्नम संजय, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार,देवघर जिला इंटक के उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह,देवघर नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रवि गुप्ता,जिला इंटक के सचिव अभिषेक सिंह,कांग्रेस नेता किशोर ठाकुर,तुलसी पोद्दार, सुबोध राय,युवा कांग्रेस के राजकमल यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला इंटक अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने कहा कि आज वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में विश्व पुनः नेहरू के सिद्धांतों की ओर देख रहा है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही विश्व में स्थायी शांति स्थापित की जा सकती है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव मुन्नम संजय ने कहा कि देश में धर्मनिरपेक्षता,समाजवाद और लोकतंत्र की स्थापना में पंडित नेहरू की भूमिका अविस्मरणीय है। प्रदेश इंटक के सचिव अजय कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नेहरू विश्व शांति,मानव मैत्री और उच्च राजनीतिक मूल्यों के अग्रदूत थे। उनके सह-अस्तित्व के सिद्धांत आज भी विश्व के लिए मार्गदर्शक हैं। वहीं,देवघर जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष नित्यानंद सेवक ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण और वैश्विक स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने में पंडित जवाहरलाल नेहरू का योगदान अतुलनीय है।

## प्रशिक्षण पूरा करने वाले 200 कैडेटों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**देवघर ।** जिले में राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों के लिए आयोजित विशेष सम्मान समारोह में छह दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 200 कैडेटों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने की। इस दौरान उन्होंने कैडेटों को शुभकामनाएं देते हुए देश और समाज हित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सम्मान समारोह के दौरान उपायुक्त ने कैडेटों से संवाद भी किया और प्रशिक्षण से जुड़े उनके अनुभव सुने। उन्होंने कैडेटों के अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के समय प्रशिक्षित युवा समाज और प्रशासन के लिए सबसे बड़ी ताकत साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण युवाओं के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ संकट की घड़ी में लोगों की जान बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उपायुक्त ने सभी कैडेटों से भविष्य में भी राष्ट्र सेवा की भावना के साथ तत्परता से कार्य करने का आह्वान किया।

स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स के प्रशिक्षकों की ओर से कैडेटों को छह दिनों तक विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बाढ़, भूकंप, आग लगने और सड़क दुर्घटनाओं जैसी आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार और खोज अभियान के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। कैडेटों को आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए तकनीकी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी राजीव कुमार, एसडीआरएफ के प्रशिक्षक, एनसीसी के पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।

## पुत्र के जन्मदिन पर मां ने किया रक्तदान



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। भुरभुरा मोड़ निवासी स्वीटी मिश्रा ने अपने पुत्र साकेत शायन के जन्मदिन के अवसर पर रक्त केंद्र देवघर में रक्तदान कर एक अनूठी मिसाल पेश की। इस अवसर पर उनके पति, सदर अस्पताल के पैथोलॉजी प्रभारी मनोज कुमार मिश्र के साथ विश्वनाथ बक्शी, पुनीत कुमार यादव, बुद्धिनाथ झा और सुदेश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे। स्वीटी मिश्रा का पूरा परिवार इस नेक कार्य को एक परंपरा के रूप में निभा रहा है। परिवार के सदस्य एक-दूसरे के जन्मदिन पर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं। उनके पति मनोज कुमार मिश्र वर्ष में तीन बार रक्तदान करते हैं, जबकि स्वयं स्वीटी मिश्रा भी साल में एक से दो बार रक्तदान करती हैं। इतना ही नहीं, परिवार के बच्चे भी जहां कहीं रहते हैं, इस परंपरा को निभाते हुए रक्तदान अवश्य करते हैं। स्वीटी मिश्रा ने बताया कि रक्तदान करने के बाद वे पूरी तरह स्वस्थ महसूस करती हैं और उन्हें आत्मिक संतुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि यदि जन्मदिन जैसे खास अवसर पर रक्तदान कर किसी को जीवनदान मिले, तो इससे बड़ा उपहार कोई नहीं हो सकता। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि हर व्यक्ति साल में कम से कम एक बार रक्तदान करे, तो रक्त की कमी से होने वाली मौतों को रोका जा सकता है और कई गंभीर बीमारियों में भी कमी लाई जा सकती है।

## देवघर नगर निगम में मकान सूचीकरण और गणना कार्य को लेकर बैठक



**देवघर ।** नगर निगम कार्यालय सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्य की प्रगति, तकनीकी व्यवस्था और फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक नगर आयुक्त सह मास्टर ट्रेनर रणजीत सिंह ने की। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के 57 पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान मकान सूचीकरण, नजरी नक्शा निर्माण, भवन और जनगणना मकान संख्या अंकन, फील्ड सर्वेक्षण तथा मोबाइल एप के माध्यम से डेटा संकलन की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। साथ ही डेटा सिंक्रोनाइजेशन और कार्य निष्पादन में आने वाली तकनीकी एवं व्यावहारिक कठिनाइयों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं और नीतियों की मजबूत आधारशिला है। इसलिए प्रत्येक परिवार, भवन और प्रतिष्ठान से जुड़ी जानकारी का सही और अद्यतन संकलन बेहद जरूरी है। सभी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि जनगणना अधिनियम 1948 और केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी गंभीरता, शुद्धता और गोपनीयता के साथ कार्य पूरा किया जाए। बैठक में लॉक्ड भवनों का सर्वे, बहुमंजिला इमारतों का अंकन, अस्थायी ढांचों का सूचीकरण, संस्थागत भवनों की प्रविष्टि और मोबाइल एप संचालन जैसी समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने इन चुनौतियों के समाधान के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी जारी किए। पर्यवेक्षकों को अपने अधीनस्थ प्रगणकों के कार्यों की नियमित निगरानी और गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को तय समय-सारणी के अनुसार प्रतिदिन फील्ड भ्रमण कर कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## दो अलग-अलग गांव पर सर्पदंश की घटना,एक बच्ची की मौत, किशोर हायर सेंटर रेफर

**बरहेट ।** बरहेट थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में सर्पदंश की घटनाएं सामने आई हैं. इनमें एक छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई. जबकि एक किशोर का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है.मिली जानकारी के अनुसार रक्सी गांव निवासी दीबु मुर्मू की छह वर्षीय पुत्री सोनिया मुर्मू बुधवार शाम बच्चों के साथ खेल रही थी. इसी दौरान उसे किसी जहरीले जीव अथवा सांप ने काट लिया. बच्ची ने इसकी जानकारी परिजनों को दी. जिसके बाद परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लेकर पहुंचे. हालांकि अस्पताल पहुंचने में देर हो जाने के कारण चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया. वहीं दूसरी घटना लखीयापट्टा गांव की है. यहां 14 वर्षीय गुंजन मालतो ढोबडीहा स्थित पत्थर क्रेशर के समीप सांप के काटने से मूर्छित हो गया. परिजनों द्वारा उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया.

## एनएसयूआई ने विधायक से मिलकर सौपा पांच सूत्री मांग पत्र



**साहिबगंज ।** एनएसयूआई साहिबगंज जिला अध्यक्ष थॉमस रॉबर्ट के नेतृत्व में एनएसयूआई ने क्लस्टरिंग के आधार पर महाविद्यालय से हटाए गए विषयों में से कुछ महत्वपूर्ण विषयों को वापस लाने एवं हिंदी इतिहास भूगोल जैसे विषयों में सीटों की संख्या पूर्व की भांति करने के संबंध में स्थानीय विधायक निसात आलम के निजी आवास पहुंचकर 5 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम को ज्ञापन सौपा. और सकारात्मक बदलाव किए जाने की मांग की.ज्ञापन में कहा है कि हिंदी, इतिहास, भूगोल में नामांकन हेतु 600-700 आवेदन पड़ता है. पूर्व में एनएसयूआई के द्वारा ही आंदोलन कर सीटों की संख्या को बढ़ाकर 300 किया गया था. जिसे अब पुनः घटाकर 120-180 कर दिया गया है.नौ विषयों( बंगला, उर्दू, संस्कृत, फिलोसफ़ी, एल एस डबल्यू, आर इकोनॉमिक्स, साइकोलॉजी, बॉटनी, जूलॉजी )को हटाये जाने से छात्रों को इच्छा अनुसार विषय नहीं मिल सकेगा.बचे हुए विषयों में अतिरिक्त नामांकन हेतु आवेदन पड़ेंगे. इससे अधिकांश छात्र नामांकन से वंचित रह जाएंगे और उनका एक साल भी बर्बाद होगा.हटाए गए विषयों को दूसरे सुदूर शहर जाकर पढ़ने पर प्रतिदिन 200 रूपया से 300 रूपया का अतिरिक्त खर्च पड़ेगा. जिसके कारण गरीब छात्राएं पढ़ाई छोड़ देंगे. इससे क्षेत्र में साक्षरता दर में गिरावट आएगी.ग्रामीण क्षेत्र/अल्पसंख्यक छात्रों में बांग्ला उर्दू जैसे भाषाई विषयों में अधिकतर रुचि रही है अब इसके हट जाने से उनके शिक्षा के लिए दरवाजे बंद हो जाने के समान है.जिला अध्यक्ष थॉमस रॉबर्ट ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से एनएसयूआई यह मांग करती है कि छात्र और शिक्षा विरोधी फैसले पर पुनर्विचार कर छात्रों को यथा शीघ्र राहत पहुंचाने का काम करें अन्यथा एनएसयूआई आंदोलन करने को बाध्य होगी.

# लेबर सेस को लेकर ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंडल ने की श्रम अधीक्षक से वार्ता

संवाददाता

**साहिबगंज ।** ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, साहिबगंज का प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में श्रम अधीक्षक से उनके कार्यालय में मिलकर वार्ता की.वार्ता में लेबर सेस के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई.जिसमेंश्रम अधीक्षक ने बताया कि शहर में जो भी नई बिल्डिंग बन रही है. उसकी लागत का 1 प्रतिशत लेबर सेस के रूप में लिया जाता है. यह राशि श्रमिकों के कल्याण पर खर्च की जाती है.धीरे-धीरे करके जितनी भी नई बिल्डिंग बन रही हैं या 10 साल के दौरान में बनी है उनसे यह राशि जमा करवाई जाएगी.उन्होंने



कहा कि यदि साहिबगंज में नगर परिषद द्वारा बिल्डिंग का नक्शा पास करते समय ही यह राशि ले ली जाती तो आज यह स्थिति नहीं आती.श्रम अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है. जिनको नियम समझ में नहीं आ रहा है.वे विभाग में आकर समझ सकते हैं. पूरी जानकारी मिलने के बाद ही भुगतान करना है.उन्होंने आश्वस्त किया कि केवल न्यूनतम लागत पर ही शुल्क लगाया जाएगा. किसी भी प्रकार का विलंब शुल्क या फाइन नहीं लगाया जाएगा.चैंबर के अनुरोध पर श्रम अधीक्षक ने अवेयरनेस प्रोग्राम करने का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि यदि चैंबर चाहे तो उनके कार्यालय में 20-25 लोगों का एक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया जा सकता है. क्योंकि उनके पास इसके लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है.प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सचिव मोहित बेगराजका, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार ,नवल किशोर मंडल ,कार्यकारिणी सदस्य शंकर शाह,अंकित तमाखुवाला मौजूद थे.

## विवाहिता रहस्यमय ढंग से लापता पति पर गायब करने का आरोप

**उधवा।** राजमहल थाना क्षेत्र के शोभनपुर गांव से एक विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है.घटना को लेकर विवाहिता की बहन ने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए राधानगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है.पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है.मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की बहन रिंकू देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि बीते 22 मई की सुबह उसकी बहन का पति, जो राधानगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है. शोभनपुर पहुंचा था. वहां से वह अपनी पत्नी और दोनों बच्चों को साथ लेकर फुदकीपुर चला गया. आरोप है कि उसी दिन किसी व्यक्ति के माध्यम से दोनों बच्चों को वापस उनके नानी घर शोभनपुर भेज दिया गया. जबकि उसकी बहन को अपने साथ ही रखा. रिंकू देवी ने बताया कि शनिवार से लगातार अपनी बहन के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई. लेकिन मोबाइल फोन बंद आ रहा था. वहीं जीजा के मोबाइल पर भी कई बार फोन किया गया. परंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया. इससे परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई. परिजनों ने जब शनिवार की शाम फुदकीपुर पहुंचकर मामले की जानकारी लेनी चाही तो विवाहिता के पति ने साफ तौर पर कह दिया कि वह अपनी पत्नी को वहां लेकर ही नहीं आया है. पति के इस बयान के बाद परिवार वालों की आशंका और गहरा गई तथा उन्होंने तत्काल पुलिस से मदद की गुहार लगाई.

## चौंकिए नहीं ! यह तालाब नहीं सड़क है



**साहिबगंज ।** यह जो आप तालाब जैसा दृश्य देख रहे है यह तालाब नही बल्कि साहिबगंज से पांच किलोमीटर दुर मदनशाही का एनएच 80 सड़क है.स्थानीय फुरकान अंसारी ,विनोद साह,सविता देवी बताते है कि यहां करीब एक किलोमीटर तक की सड़क जर्जर अवस्था में है.सड़क पर दो से तीन फीट गहरे गड्ढे हो गये है.आये दिन वाहन दुर्घटना होने की घटना आम हो गई है.आमलोगो के अलावे वाहन चालकों को भी इस सड़क से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

## निकली खाटू श्याम बाबा की निशान शोभायात्रा



**साहिबगंज।** पुरुषोत्तम मास की एकादशी के अवसर पर बुधवार को मारवाड़ी समाज की ओर से खाटू वाले श्याम बाबा की भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई. राजस्थानी वेशभूषा में शामिल श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ नगर भ्रमण किया. शोभायात्रा की शुरुआत चौक बाजार स्थित डाकिनाथ मंदिर की ठाकुरबाड़ी से हुई. मारवाड़ी समाज के पुरोहित महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में निकली यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए दहला स्थित पुरुषोत्तम गली पहुंची. श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर बाबा की परिक्रमा की तथा प्रसाद ग्रहण किया. इस दौरान खाटू श्याम बाबा मंदिर के पुरोहित सोनू पांडे ने पुरुषोत्तम मास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह माह दान और पुण्य का प्रतीक माना जाता है. उन्होंने कहा कि दानवीर कर्ण वर्ष के बारहों महीने सवा मन सोना दान किया करते थे और पुरुषोत्तम मास में किया गया दान विशेष फलदायी माना जाता है.उन्होंने लोगों से जरूरतमंदों की सहायता करने की अपील भी की. निशान यात्रा चौक बाजार, महात्मा गांधी चौक, जैन राय रोड, महाजन पट्टी, गुड़ बाजार और धर्मशाला चौक होते हुए पुनः अपने गंतव्य स्थान पहुंची. जहां श्रद्धालुओं ने अपने-अपने निशान और ध्वज की पूजा कर उन्हें खाटू श्याम बाबा के दरबार में समर्पित किया.

## संत कबीर साहेब का सत्संग का आयोजन

**साहिबगंज।** साहिबगंज मुख्यालय से 27 किलोमीटर दूर महाराजपुर के मसकलैया में दो दिवसीय संत सम्राट सतगुरु कबीर साहेब के सत्संग और भंडारा का आयोजन किया गया है.सत्संग में हरियाणा, सोनीपत, जरमुंडी, बंगाल, बिहार सहित झारखंड के महंत संत और साध्वी ने अपने वक्ताओं से लोगों को मंत्र मुकुंद कर दिया. सत्संग में साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित आसपास प्रखंडों और विभिन्न राज्यों से कबीर पंथ के अनुयायियों ने इस वार्षिक सत्संग में हिस्सा लिया. सत्संग में मुख्य वक्ता बंगाल राज्य के संत सोनिका साध्वी ने लोगों को सत्संग से जोड़ने और सत्य की राह पर चलने की बात कही.

पूर्व रेलवे

**ठिका़ खोबो़र सं.: ईएल-26-26, मा़हित 25.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिका़दारको जाहांय ठेन चा़लु विद्युत ठिका़दार रेयाक् लाइससेंस मेनाक्आ आर लातार रे ओ़लाकान का़मी पुरा़उ रे का़उडी ते दाड़े मेनाक्कोआ, ठेन खो़न ई-ठिका़ नेवतायेत् कानाः **का़मी रेयाक् ञुतुम आर नोआ रेयाक् जायगाः** आसनसोल मंडलः आसनसोल मंडल ता़री रे ट्रैक जेलजो़तो़न आर परिचालनीय स्टाफ ला़गित् आसो़ल जिनिसको सांव-सांवते गैंग हट, गुमटी, ञुयदाक् सुबिताको, पाथवे एमान रेयाक् प्रावधान। **ठिका़ रेयाक् पूंजीः** रु. 26,88,935.03, **ठिका़ कागो़च रेयाक् गो़नो़मः** शून्य। **बायना पायसाः** रु. 53,800/-, **का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़यः** 12 चान्दो। **बों़दो़क् आर झिजुक् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़यः** 17.06.2026 हिलो़क् 11.00 बजे। पुरा़उ बानाडाय दो़ रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

**ASN-111/2026-27**

ठिका़ खो़बो़र दो़ वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## दुमका समाहरणालय
## जिला भू-अर्जन शाखा

### समाहर्त्ता या समुचित सरकार
### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–1342/जि0भू0अ0 — दुमका, दिनांक–22.05.2026

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, दुमका को यह प्रतित होता है कि मौजा–**तालडांगाल**, थाना सं0–**44**, थाना–**मसलिया**, अंचल–**मसलिया**, जिला–**दुमका** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **सितपहाड़ी से सिगरीहरको पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण परियोजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। विधि(विधान) विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या–49/लेज0 दिनांक–26.06.2018 जो झारखण्ड गजट के असाधारण अंक में दिनांक–29.06.2018 को प्रकाशित भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार(झारखण्ड संशोधन) अधिनियम 2017 द्वारा प्रस्तावित परियोजना को भूमि अर्जन अधिनियम के अध्याय–2 और अध्याय–3 के उपबंधो के लागू किये जाने से मुक्त है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–**तालडांगाल**, थाना सं0–**44**, थाना–**मसलिया**, अंचल–**मसलिया**, जिला–**दुमका** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **5.433 एकड़** या **2.199 हेक्टेयर** या **16 बीघा 08 कट्ठा 13 धूर** मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

| क्र. स. | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूरब | पश्चिम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 01 | 190 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.004 | पानमुनी सोरेन पति–स्व0 बाबुधन मुर्मू वो पुतुल मुर्मू पिता–स्व0 जीवन मुर्मू वो गुपीन मुर्मू पिता–स्व0 सोमाय मुर्मू। | रास्ता | रास्ता | रास्ता | 189 |
| 2 | 02 | 137 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.02 | आलोक मरांडी वो प्रेम मरांडी पिता–स्व0 शंकर मरांडी वो विश्वजीत मरांडी पिता–स्व0 मिशील मरांडी वो बाबुधन मरांडी पिता–स्व0 सोवान मरांडी। | 136 | 138 | रास्ता | सीवाना |
| 3 | 03 | 73 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.019 | शिवधन मरांडी पिता–स्व0 बड़का मरांडी। | 30 | रास्ता | 74 | रास्ता |
| 4 | 03 | 97 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.016 | | 96 | 101 | 99 | रास्ता |
| 5 | 03 | 78 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.024 | आलोक मरांडी वो प्रेम मरांडी पिता–स्व0 शंकर मरांडी वो बाबुधन मरांडी पिता–स्व0 सोवान मरांडी। | 77 | रास्ता | 80 | रास्ता |
| 6 | 03 | 362 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.082 | | 360 | 363 | 396 | 359 |
| 7 | 03 | 405 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.052 | | 407 | 396 | 406 | 396 |
| 8 | 03 | 786 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.022 | | 797 | 801 | 785 | 800 |
| 9 | 03 | 828 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.033 | | 829 | 818 | 801 | 821 |
| 10 | 03 | 833 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.024 | | 801 | 834 | 829 | 839 |
| 11 | 03 | 83 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.014 | रूपलाल मरांडी पिता–स्व0 गायना मरांडी वो निर्मल मरांडी पिता–स्व0 शम मरांडी वो अमीन मरांडी पिता–स्व0 भरत मरांडी वो परगाना मरांडी पिता–स्व0 डुजा मरांडी वो बिमल मरांडी वो बिनोद मरांडी वो अनिल मरांडी पिता–स्व0 सुनीलाल मरांडी वो मुसुधन मरांडी पिता–स्व0 डुबय मरांडी। | 82 | रास्ता | 85 | रास्ता |
| 12 | 03 | 773 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.042 | | 772 | 767 | 767 | 774 |
| 13 | 03 | 140 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.004 | | 138 | 141 | रास्ता | 139 |
| 14 | 03 | 331 | ज0 रै0 | धानी एक | 0.089 | | 220 | 328 | 396 | 329 |
| 15 | 03 | 460 | ज0 रै0 | धानी एक | 0.068 | | 463 | 396 | 459 | रास्ता |
| 16 | 03 | 782 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.001 | | 780 | 777 | 781 | 783 |
| 17 | 03 | 829 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.02 | | 833 | 828 | 801 | 832 |
| 18 | 03 | 101 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.014 | | 97 | 102 | 100 | रास्ता |
| 19 | 03 | 102 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.013 | आलादी मरांडी पिता–स्व0 सोम मरांडी वो आशेक मरांडी पोष्यपुत्र छोटो मरांडी। | 101 | 104 | 103 | रास्ता |
| 20 | 03 | 159 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.049 | | 155 | 160 | रास्ता | 158 |
| 21 | 03 | 344 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.031 | | रास्ता | 341 | 345 | 343 |
| 22 | 03 | 416 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.027 | | 418 | 405 | 415 | 396 |
| 23 | 03 | 839 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.02 | | 801 | 838 | 833 | 801 |
| 24 | 03 | 452 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.021 | आलोक मरांडी वो प्रेम मरांडी पिता–स्व0 शंकर मरांडी वो बाबुधन मरांडी पिता–स्व0 सोवान मरांडी वो आलादी मरांडी पिता–स्व0 सोम मरांडी वो अशोक मरांडी पोष्यपुत्र छोटो मरांडी वो शिवधन मरांडी पिता–स्व0 बड़का मरांडी वो रूपलाल मरांडी पिता–स्व0 गायना मरांडी वो निर्मल मरांडी पिता–स्व0 शम मरांडी वो अमीन मरांडी पिता–स्व0 भरत मरांडी वो परगाना मरांडी पिता–स्व0 डुजा मरांडी वो बिमल मरांडी वो बिनोद मरांडी वो अनिल मरांडी पिता–स्व0 सुनीलाल मरांडी वो मुसुधन मरांडी पिता–स्व0 डुबय मरांडी। | 460 | 451 | 455 | रास्ता |
| 25 | 04 | 133 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.001 | सोहागिनी मरांडी पिता–स्व0 लुखीराम मरांडी वो ललिता मरांडी वो स्टेनशीला पिता–स्व0 नरेन मरांडी वो राजा मरांडी पिता–स्व0 कारू मरांडी वो बाबुलाल मरांडी पिता–स्व0 छुतर मरांडी वो अशोक मरांडी पिता–स्व0 शिबुधन मरांडी वो रूबिया मरांडी पिता–स्व0 बाले मरांडी। | 132 | रास्ता | 118 | 132 |
| 26 | 04 | 142 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.226 | | 139 | 143 | 141 | सीवाना |
| 27 | 04 | 339 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.017 | | 338 | 343 | रास्ता | 337 |
| 28 | 04 | 834 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.002 | | 833 | 835 | 832 | 838 |
| 29 | 04 | 868 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.01 | | 848 | 867 | 840 | 848 |
| 30 | 04 | 134 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.019 | रूबिया मरांडी पिता–स्व0 बाले मरांडी। | 131 | रास्ता | 133 | रास्ता |
| 31 | 04 | 143 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.181 | | 142 | 144 | 145 | सीवाना |
| 32 | 04 | 338 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.04 | | 333 | 339 | 396 | 337 |
| 33 | 04 | 139 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.102 | सोहागिनी मरांडी पिता–स्व0 लुखीराम मरांडी वो ललिता मरांडी वो स्टेनशीला पिता–स्व0 नरेन मरांडी वो राजा मरांडी पिता–स्व0 कारू मरांडी वो बाबुलाल मरांडी पिता–स्व0 छुतर मरांडी। | 137 | 142 | 138 | सीवाना |
| 34 | 04 | 189 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.015 | | रास्ता | 191 | 190 | 187 |
| 35 | 04 | 343 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.014 | अशोक मरांडी पिता–स्व0 शिबुधन मरांडी। | 339 | 344 | रास्ता | 342 |
| 36 | 05 | 74 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.026 | आलोक मरांडी वो प्रेम मरांडी पिता–स्व0 शंकर मरांडी वो विश्वजीत मरांडी पिता–स्व0 मिशील मरांडी वो बाबुधन मरांडी पिता–स्व0 सोवान मरांडी। | 73 | रास्ता | 75 | रास्ता |
| 37 | 05 | 89 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.012 | | 87 | 90 | 88 | रास्ता |
| 38 | 05 | 524 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.09 | | 523 | 525 | 527 | 396 |
| 39 | 05 | 774 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.036 | शिवधन मरांडी पिता–स्व0 बड़का मरांडी। | 775 | 766 | 773 | 801 |
| 40 | 06 | 107 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.01 | सुकल हँसदा पिता–स्व0 रसिक हँसदा वो लाल हँसदा वो राजु हँसदा पिता– सकला हँसदा। | 104 | 108 | 106 | रास्ता |
| 41 | 06 | 397 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.045 | | 296 | 358 | 298 | 358 |
| 42 | 06 | 520 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.002 | | 512 | 521 | 524 | 390 |
| 43 | 06 | 529 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.005 | | 530 | 527 | 532 | 524 |
| 44 | 06 | 800 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.083 | | 798 | 801 | 797 | 801 |
| 45 | 07 | 175 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.012 | सुकल हँसदा पिता–स्व0 रसिक हँसदा वो लाल हँसदा वो राजु हँसदा पिता– सकला हँसदा वो रामजीवन टुडू वो पुलिस टुडू पिता– नरेन टुडू। | 170 | 176 | रास्ता | 199 |
| 46 | 07 | 176 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.012 | | 175 | 177 | 175 | रास्ता |
| 47 | 08 | 402 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.015 | रूबिया मरांडी पिता–स्व0 बाले मरांडी। | 401 | 396 | 397 | 403 |
| 48 | 08 | 403 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.017 | अशोक मरांडी पिता–स्व0 शिबुधन मरांडी। | 401 | 396 | 397 | 403 |
| 49 | 08 | 404 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.008 | सोहागिनी मरांडी पिता–स्व0 लुखीराम मरांडी वो ललिता मरांडी वो स्टेनशीला मरांडी पिता–स्व0 नरेन वो राजा मरांडी पिता–स्व0 कारू मरांडी वो बाबुलाल मरांडी पिता–स्व0 छुतर मरांडी वो अशोक मरांडी पिता–स्व0 शिबुधन मरांडी वो रूबिया मरांडी पिता–स्व0 बाले मरांडी। | 408 | 396 | 401 | 405 |
| 50 | 08 | 830 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.002 | | 829 | 827 | 827 | 832 |
| 51 | 08 | 568 | ज0 रै0 | धानी एक | 0.012 | सोहागिनी मरांडी पिता–स्व0 लुखीराम मरांडी वो ललिता मरांडी वो स्टेनशीला मरांडी पिता–स्व0 नरेन वो राजा मरांडी पिता–स्व0 कारू मरांडी वो बाबुलाल मरांडी पिता–स्व0 छुतर मरांडी। | 569 | 801 | 571 | 567 |
| 52 | 08 | 571 | ज0 रै0 | धानी दो | 0.022 | | 570 | 801 | 573 | 568 |
| 53 | 08 | 799 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.038 | | 798 | 801 | 800 | 618 |
| 54 | 10 | 30 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.045 | रानी हँसदा पिता–स्व0 मुसुच हँसदा। | 29 | रास्ता | 73 | रास्ता |
| 55 | 10 | 130 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.011 | | 129 | 131 | 123 | रास्ता |
| 56 | 10 | 148 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.052 | | 146 | 149 | रास्ता | 149 |
| 57 | 10 | 149 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.017 | | 148 | 150 | रास्ता | 151 |
| 58 | 10 | 186 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.011 | | रास्ता | 193 | 187 | 185 |
| 59 | 10 | 333 | ज0 रै0 | धानी दो | 0.093 | | 332 | 338 | 396 | 324 |
| 60 | 10 | 417 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.074 | | 424 | 396 | 421 | 396 |
| 61 | 10 | 450 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.064 | | 451 | 448 | 448 | रास्ता |
| 62 | 10 | 573 | ज0 रै0 | धानी दो | 0.112 | | 572 | 801 | 575 | 801 |
| 63 | 10 | 613 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.025 | | 611 | 801 | 614 | 574 |
| 64 | 10 | 615 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.095 | | 616 | 801 | 618 | 614 |
| 65 | 10 | 82 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.021 | सुधीर हँसदा वो सुफल हँसदा वो चोन्दो हँसदा पिता–स्व0 मुंशी हँसदा वो रानी हँसदा पिता–स्व0 मुसुच हँसदा। | 81 | रास्ता | 83 | रास्ता |
| 66 | 10 | 510 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.106 | | 397 | 396 | 509 | 396 |
| 67 | 10 | 131 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.012 | सुधीर हँसदा वो सुफल हँसदा वो चोन्दो हँसदा पिता–स्व0 मुंशी हँसदा। | 130 | 132 | 130 | 132 |
| 68 | 10 | 145 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.02 | | 142 | 146 | 141 | 144 |
| 69 | 10 | 146 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.057 | | 141 | 148 | रास्ता | सीवाना |
| 70 | 10 | 187 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.01 | | रास्ता | 192 | 189 | 186 |
| 71 | 10 | 332 | ज0 रै0 | धानी दो | 0.062 | | 331 | 333 | 396 | 328 |
| 72 | 10 | 424 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.106 | | 448 | 417 | 423 | 396 |
| 73 | 10 | 451 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.026 | | 452 | 450 | 449 | रास्ता |
| 74 | 10 | 560 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.027 | | 526 | 396 | 561 | 525 |
| 75 | 10 | 572 | ज0 रै0 | धानी दो | 0.025 | | 588 | 573 | 579 | 570 |
| 76 | 10 | 575 | ज0 रै0 | धानी दो | 0.012 | | 577 | 574 | 613 | 573 |
| 77 | 10 | 614 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.015 | | 615 | 601 | 615 | 613 |
| 78 | 10 | 775 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.027 | | 776 | 774 | 777 | 801 |
| 79 | 10 | 785 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.116 | | 786 | 801 | 787 | 801 |
| 80 | 11 | 141 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.143 | देबु टुडू (नावल्द मृत) पिता–स्व0 कान्हू टुडू। | 140 | 146 | रास्ता | 142 |
| 81 | 11 | 162 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.013 | | रास्ता | 166 | 163 | 161 |
| 82 | 11 | 163 | ज0 रै0 | वास्तु | 0.006 | | 162 | 164 | रास्ता | 164 |
| 83 | 11 | 395 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.013 | | 363 | 394 | 396 | 385 |
| 84 | 11 | 570 | ज0 रै0 | धानी एक | 0.053 | | 565 | 571 | 588 | 569 |
| 85 | 12 | 90 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.014 | रामजीवन टुडू वो पुलिस टुडू पिता–स्व0 नरेन टुडू वो सुकल हँसदा पिता–स्व0 रसिक हँसदा वो लाल हँसदा वो राजू हँसदा पिता–स्व0 सुकल हँसदा। | 89 | 96 | 91 | रास्ता |
| 86 | 12 | 96 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.008 | | 90 | 97 | 95 | रास्ता |
| 87 | 12 | 168 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.01 | | 164 | 169 | रास्ता | 165 |
| 88 | 12 | 356 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.027 | | 396 | 355 | 357 | 346 |
| 89 | 12 | 357 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.053 | | 396 | 358 | 356 | 358 |
| 90 | 12 | 521 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.009 | | 520 | 523 | 522 | 396 |
| 91 | 12 | 574 | ज0 रै0 | धानी दो | 0.047 | | 575 | 801 | 613 | 573 |
| 92 | 12 | 841 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.016 | | 801 | 840 | 840 | 842 |
| 93 | 12 | 842 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.034 | | 801 | 843 | 841 | 845 |
| 94 | 12 | 845 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.018 | | 801 | 844 | 842 | 846 |
| 95 | 12 | 846 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.026 | | 801 | 844 | 845 | 847 |
| 96 | 12 | 847 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.003 | सुकल हँसदा पिता–स्व0 रसिक हँसदा वो लाल हँसदा वो राजू हँसदा पिता–स्व0 सुकल हँसदा। | 848 | 844 | 846 | 868 |
| 97 | 12 | 169 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.018 | | 168 | 170 | रास्ता | 167 |
| 98 | 15 | 77 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.014 | पानमुनी सोरेन पति–स्व0 बाबुधन मुर्मू वो रायमुनी मुर्मू वो पुतुल मुर्मू पिता–स्व0 जीवन मुर्मू वो गुपीन मुर्मू पिता–स्व0 सोमाय मुर्मू। | 76 | रास्ता | 78 | 76 |
| 99 | 15 | 104 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.032 | | 102 | 107 | 105 | रास्ता |
| 100 | 15 | 118 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.053 | | 119 | 135 | 117 | 133 |
| 101 | 15 | 150 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.031 | | 149 | 154 | रास्ता | 151 |
| 102 | 15 | 155 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.031 | | 154 | 159 | रास्ता | 152 |
| 103 | 15 | 448 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.035 | | 450 | 424 | 447 | रास्ता |
| 104 | 15 | 523 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.106 | | 521 | 524 | 530 | 396 |
| 105 | 15 | 767 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.053 | | 773 | 765 | 768 | 774 |
| 106 | 15 | 827 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.004 | | 829 | 822 | 828 | 831 |
| 107 | 15 | 840 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.005 | | 843 | 837 | 838 | 868 |
| 108 | 15 | 848 | ज0 रै0 | धानी दो | 0.058 | | 801 | 849 | 868 | 850 |
| 109 | 16 | 80 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.022 | रोबेन हँसदा पिता–स्व0 उबिलाल हँसदा। | 78 | रास्ता | 81 | रास्ता |
| 110 | 16 | 85 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.011 | | 83 | 86 | 84 | रास्ता |
| 111 | 16 | 86 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.01 | | 85 | 87 | 85 | रास्ता |
| 112 | 16 | 160 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.021 | | 159 | 161 | रास्ता | 157 |
| 113 | 16 | 345 | ज0 रै0 | भांगा वस्तु | 0.006 | | 396 | 346 | 346 | 344 |
| 114 | 16 | 346 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.082 | | 396 | 353 | 356 | 345 |
| 115 | 16 | 569 | ज0 रै0 | धानी एक | 0.141 | | 566 | 568 | 570 | 567 |
| 116 | 17 | 76 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.03 | मिदुन हँसदा वो प्रोमथ हँसदा वो विजय हँसदा वो सागेन हँसदा पिता–स्व0 मशीचरण हँसदा वो राम हँसदा वो बाबुधन हँसदा पिता–स्व0 बोदी हँसदा। | 75 | रास्ता | 77 | 75 |
| 117 | 17 | 184 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.008 | | 183 | 185 | रास्ता | 195 |
| 118 | 17 | 185 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.008 | | 184 | 186 | रास्ता | 194 |
| 119 | 17 | 360 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.065 | | 396 | 361 | 362 | 359 |
| 120 | 17 | 525 | ज0 रै0 | धानी दो | 0.066 | | 524 | 560 | 526 | 396 |
| 121 | 17 | 777 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.027 | | 782 | 775 | 772 | 776 |
| 122 | 17 | 783 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.036 | | 785 | 776 | 784 | 801 |
| 123 | 18 | 170 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.017 | राम कुमार मुर्मू पिता–स्व0 भोला मुर्मू। | 169 | 175 | रास्ता | 173 |
| 124 | 19 | 108 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.004 | रहिमत हेम्बरम (नावल्द मृत) पति–स्व0 छोटो कान्हू मुर्मू। | 109 | 107 | रास्ता | 171 |
| 125 | 21 | 29 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.073 | मन्टु हेम्बरम पिता–स्व0 ठाकुर हेम्बरम वो बाबुलाल हेम्बरम पिता–स्व0 सोम हेम्बरम वो बेलेन हेम्बरम वो रामेश्वर हेम्बरम वो बिनोद हेम्बरम पिता–स्व0 शिबु हेम्बरम वो प्रमिला हँसदा पति–स्व0 जुतीन हेम्बरम वो लुखु हेम्बरम वो उमेल हेम्बरम पिता–स्व0 छुटू हेम्बरम। | रास्ता | रास्ता | 28 | रास्ता |
| 126 | 21 | 81 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.023 | | 80 | रास्ता | 82 | रास्ता |
| 127 | 21 | 127 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.008 | | 109 | 128 | 126 | रास्ता |
| 128 | 21 | 128 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.01 | | 127 | 129 | 127 | रास्ता |
| 129 | 21 | 183 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.016 | | 180 | 184 | रास्ता | 182 |
| 130 | 21 | 388 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.008 | | 389 | 387 | 396 | 390 |
| 131 | 21 | 530 | ज0 रै0 | धानी दो | 0.014 | | 531 | 523 | 532 | 523 |
| 132 | 21 | 567 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.069 | | 566 | 801 | 569 | 396 |
| 133 | 21 | 764 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.097 | | 763 | 801 | सीवाना | 765 |
| 134 | 21 | 75 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.033 | शिबलाल हेम्बरम पिता–स्व0 माण्डु हेम्बरम वो भगन हेम्बरम पिता–स्व0 भोजे हेम्बरम। | 74 | रास्ता | 76 | रास्ता |
| 135 | 21 | 109 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.018 | | 108 | 127 | 127 | 108 |
| 136 | 21 | 180 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.016 | | 179 | 183 | रास्ता | 181 |
| 137 | 21 | 389 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.023 | | 390 | 388 | 396 | 390 |
| 138 | 21 | 511 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.057 | | 510 | 396 | 512 | 510 |
| 139 | 21 | 566 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.096 | | 564 | 567 | 565 | 396 |
| 140 | 21 | 618 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.015 | | 617 | 801 | 798 | 615 |
| 141 | 22 | 390 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.154 | सोनामुनी किस्कु पिता–स्व0 बोसा किस्कु वो मदन किस्कु वो रोमा किस्कु पिता–स्व0 सोनाधन किस्कु वो रूबीलाल किस्कु वो बाबुसल किस्कु पिता–स्व0 फोफो किस्कु। | 396 | 387 | 389 | 395 |
| 142 | 23 | 161 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.047 | शिबु कमार (गै.ख.रै.) पिता–स्व0 जीतु कमार। | रास्ता | 162 | 162 | 160 |
| 143 | 23 | 164 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.014 | | 163 | 168 | रास्ता | 165 |
| 144 | 24 | 87 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.005 | धोने सोरेन पिता–स्व0 पोडा सोरेन। | 85 | 89 | 89 | 85 |
| 145 | 24 | 178 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.015 | | 177 | 179 | रास्ता | 199 |
| 146 | 24 | 179 | ज0 रै0 | वास्तु सह आंगन | 0.02 | | 178 | 180 | रास्ता | 178 |
| 147 | 24 | 832 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.004 | | 834 | 830 | 829 | 837 |
| 148 | 25 | 129 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.009 | लक्ष्मण मिर्धा वो निताई मिर्धा पिता–स्व0 गोसाई मिर्धा वो सुकुमार मिर्धा पिता–स्व0 साधु मिर्धा। | 128 | 130 | 125 | रास्ता |
| 149 | 25 | 526 | ज0 रै0 | धानी दो | 0.012 | | 527 | 525 | 528 | 524 |
| 150 | 25 | 564 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.002 | | 563 | 566 | 563 | 396 |
| 151 | 25 | 765 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.023 | | 767 | 801 | 764 | 766 |
| 152 | 25 | 772 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.001 | | 778 | 773 | 767 | 777 |
| 153 | 25 | 776 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.038 | | 783 | 775 | 777 | 801 |
| 154 | 25 | 821 | ज0 रै0 | धानी सेम | 0.002 | | 828 | 822 | 820 | 827 |
| | | | | कुल रकवा – | 5.433 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013(अधिनियम संख्या–30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ(60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, दुमका।

PR 380893 (Land Reforms) 26-27 (D)

# दक्षिण पूर्व रेलवे रेन महाप्रबंधके सेटेरेना घाटिशिला, सांसद सालाक् ते रेल सुबिसता ला़गित् ते दुपुड़ुप् ओरामेना

खोबोरिया

**पूर्वी सिंहभूम।** दक्षिण पूर्व रेलवे रेन महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन दो़ सा़गुनमाहां हिलोक् खड़गपुर खो़न पूर्वी सिंहभूम जिला रे मेनाक् घाटशिला हा़बिच् विंडो ट्रेलिंग ञेल ओ़नमान कातेत् रेलवेरेयाक् इंफ्रेस्ट्रक्चर, हिजुक्-सेनो़क् बेबो़सता आर जुदा़-जुदा़लाहान्तीय का़मीय फान्डाव ला़गित् ते। उन ओ़कते उनी सांवते खड़गपुरमंडल रेन डीआरएम ललित मोहन पांडेय ला़ई ते मुखयालय आर मंडल ता़रीरेन आयमा गा़खुड़ अधिकारीको सेटेर आकान ताहेंना। घाटशिलास्टेशन सेटेरेन तायो़म महाप्रबंधक दो़ अमृत स्टेशन पोन्था



लेका ते चालाक्‌कान का़मी आर जुत आरो़य ला़गित् का़मीकोय ञेल ओ़नमानकेदा। पोन्था ता़री रेयाक् स्टेशन छाटका रे सा़ंगाड़िया़कोदुडुबो़क् ला़गित् ते सुबिताको ला़टुयेत् काना, नाहाक् जुगरेयाक् सुबिसता आर टू डेवलप बेस्ट इंफ्रेस्ट्रक्चर ला़गित् तेकोका़मीयेत् काना। ञेल ओ़नमान तायो़म घाटशिला रे जमशेदपुर रेनसांसद विद्युत वरण महतो सांवते दुपुड़ुप् ओराम केदा। दुपुड़ुप् रे दक्षिण पूर्व रेलवे रेन एजीएम सौमित्र, मजूमदार, पीसीसीएम नवीन कुमार चंद्रा, सीपीआरओ ओम प्रकाश चरण, चक्रधरपुर मंडल रेन डीआरएमतरूण हुरिया, एडीआरएम (ऑपरेशन) बाबुल बर्मन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यप्रबंधक निशांत कुमार, आदित्य चौधरी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक प्रभात प्रसाद, मनीष कुमार पाठक ला़ई ते आयमा अधिकारीको सेटेरआकान ताहेंना। दुपुड़ुप् रे टोठा रेन रेलवे परियोजना, सा़ंगा़ड़िकोवाक् सुबिसताको आर रेल सेवाको बाबो़त रे मो़ज तेकोगापालमाराव केदा। सांसद दो़ टोठा रेन सा़ंगा़ड़िया़ मो़ज सुबिसताबेबो़सतावको ला़गित् आर रेल सेवाको माराङ ला़गित् बाबो़त रेआयमाये बातलाव केदा। उनी दो़ टोठा रेन हो़ड़ाक् जा़रूड़ो़क्कानलेका ते रेलवे सुबिसता दो़ केटेच् ला़गित् मुरूक् केदा। ओना तयो़ममहार्प्रबंधक आर सांसद दो़ बानार हो़ड़ मिला़उ ते मीडिया सालाक् तेकिन गापालमाराव केदा।

# साहित्य समागम भारत सेच् खो़नको मानो़त केदेया संताली जुवा़न ओ़नो़ड़हिया़ मनोज मुर्मू

## जर्नादन गोस्वमी व्यथित स्मृति सम्मान 2026 रेयाक् एमकाते

खोबोरिया

**देवघर।** साहित्य समागम भारत होतेते देवघर रेयाक् होटल हरियाली कॉ प्लेक्स रे आठवार 24 मई हिलोक् भव्य कवि सम्मेलन काव्याभिषेक महोत्सव सह स मान समारोह ओराम एना, ओकादो़ देवघर रेन महापौरमानो़तान रवि कुमार राउतआक् तीते होय एना। नोआ का़मीहो़रा रेआयमा पो़नो़त रेन कलमकारको सेलेत् एना। का़मीहो़रा रे कवितापाठ सांवते पोन लेकानाक् स मानको एमात्कोआ, नोआ रे साहिबगंज जिला़ रेन जुवा़न सा़ँवहेंतिया़ मनोज मुर्मू दो़ उनीयाक् काव्य संग्रहओ़नो़ड़हें पुथी 'मानवां जियोन' ला़गित् खोरठा भाषी साहित्यकार जर्नादनगोस्वमी व्यथित स्मृति स मान तेको मानो़त केदेया। पेड़ाको होतेते अंगवस्त्रप्रशस्ति पत्र आर स्मृति चिन्हको एमावादेया। नोआ ताक रे खास



पेड़ामधुपुर कॉलेज रेन पूर्व प्राचार्या डॉ सुमनलता, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ नागेश्वर शर्मा आर का़मीहो़रा रेन संयोजक श्री रवि शंकर साहसालाक् 100 खो़न जा़सती कलमकारको सेलेत् एना।

# मायजीवको ताला रे डामडा़हीयेना सोलो टैव्रल रेयाक् चलन

**नावां दिल्ली।** नावां जायगा दो़ मो़ज ते ञेल ला़गित् ते जुदा़ आ़रीचा़ली बुझा़उ आर आपनार सालाक् ते सो़मो़य बिता़उ ला़गित् ते कुड़ीको दो़नित बेगो़र जाहांन ग्रुप सा़ंगार रेको ओडोगो़क् काना। मायजीवकोताला रे सोलो ट्रैवल रेयाक् चलन दो़ आ़डी ता़पिस सालाक् ते बाड़हाक्काना। दिसा़म रे आयमा नोडकान पर्यटन जायगा मेनाक्आ जे सुरक्षित माहौल, फ्रेंडली कल्चर आर शांत ओ़नो़रो़ल ओ़जे ते महिला सोलोट्रैवलर्स ला़गित् ते पा़हिल रा़सका़ बेनाक् काना। नोवाको जायगा रेढेर ञिन्दा़ हा़बिच् मायजीवको बिन बो़तो़र ते दाड़ां बाड़ायको ञेलो़क् काना। पूर्वोत्तर भारत रेयाक् सो़रो़स बाजार शिलांगनिया़को दिन महिला सोलो ट्रैवलर्स ताला रे आ़डी ता़पिस सालाक् ते डामडा़ही काना। नोन्डेनको मायजीव दो़ प्रधान सामाजिक बेबो़सता आरशांत ओ़नो़रो़ल मायजीको दो़ आसो़काय ते मो़नेय लुभा़वेत्कानताकोआ। शिलांग रेयाक् सो़ड़ो़क रे मायजीवको दो़ स्कूटी चालावतुलुच्, गाइड ला़गित् तेको का़मीयेत्कान आर बेपारकोसामबड़ावेत्कानको ञेलो़क् काना। नोन्डेनाक् मयूजीक फ्रेंडली एटमॉस्फियर दारे-ना़ड़ी ते जियाड़ आकान बुरू आर मायजीवको दो़ मो़ज ओ़नो़रो़ल रे बिन बो़तो़र ते दाड़ांन ला़गित् ते ओ़पसो़रकोञामेत् काना। ढेर ञिन्दा़ हा़बिच् रोड ट्रिप आर कैफे कल्चर हों नोन्डेन कोवाक् मो़हो़तानाक् उपरो़मकेबेनावकेत् काना। हिमाचल प्रदेश रेयाक् कासोल हों मायजीवको ला़गित् आर सोलो ट्रैवलस ताला रे आ़डी मो़हो़तानाक् बेनाक् काना। बुरू दासना रे बासावाकान नोआका़टिच् माराङ दाड़ांन ला़गित् ते जायगा दो़ सिरजो़निया़ लेका तेआर ट्रैकिंग ला़गित् ते आ़डी नामडाक गेया। दिसा़म-दुनिया़ खो़न आयमा लेखा रे नोन्डे शांति आर रा़सका़ ला़गित् तेको सेटेरेक् काना। मेनखान एकला गेको सांगारेतकन मायजीवको दो़ नोन्डे सो़नतो़रते ताहेंन ला़गित् ते सो़लहाको एमावाको काना।

# गा़डिया़ खो़ने रूवा़ड़ो़क्कान ताहेंन का़टिच् कुड़ी गिदरा़ये छेड़ावकेदेया, दा़ड़ ताप् केदा दुसी

**रामगढ़।** थाना टोठा रेयाक् चेटर आतो रे मित्टेन का़टिच्कुड़ी गिदरा़को छेड़ाव केदे मामला सो़दो़रेना। घो़टना दो़ उन ओ़कते होयेना तिन रे दुखा़ली गा़डिया़ खो़न डा़बरा़क् कातेत् आकोओड़ाक् तेय रूवा़ड़कान ताहेंना। मामला बाबो़त रे दुखा़ली रेनएंगाताक् बयान रे रामगढ़ थाना रे मामलाये ओ़ल राकाप् आचो केदा। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे दो़य ला़ई केदा जे दुखा़लीदो़ आयाक् बयान रेय मेन केदा जे उनी दो़ डा़बरा़क् ला़गित् तेबूढ़ा खुखरा गा़डिया़ये सेन लेन ताहेंना। डा़बरा़क् कातेत् रूवा़ड़कान ताहेंन ओ़कते हो़र रे आतो रेन कोड़ा धोनी कुमारमहतो दो़ उनीय तेंगो आचो केदेया। दो़स दो़ नोआ गे ताहेंकाना जेधोनी दो़ मुचा बैत्कातेत् उनी गाजाड़ सेच्ए ओ़र आदेर केदेया।दुखा़लीय काउ-माउकेत् रे आडे-पासे रेन आतो हो़ड़ दो़ ओन्डेको दा़ड़ इदी केदा। हो़ड़को हिजुक्कान ञेलकेत्को खान दुसी दो़कुड़ी गिदरा़ बा़गी आटोकातेत् ओन्डे खो़ने दा़ड़ ताप् केदा। घो़टना तायो़म दुखा़ली दो़ ओड़ाक् तेय सेटेरेना आर पुरा़घो़टना दो़ ओड़ाक् रेन हो़ड़े ला़यात्कोआ। मामला गा़हिर गे ताहेंकान ते पुलिस दो़ उसा़रा ते कार्रवाई तुलुच् मामलाको ओ़लराकाप् केदा। थाना प्रभारी दो़य ला़ई केदा जे दुसी साबे ला़गित् तेतातलेको जा़पुत्एत् काना आर उसा़रा गे उनीको साबेया।

# सरैयाहाट आसो़ल चौक रेको झिच् केदा प्याऊ केंद्र, मुखिया़ प्रीति हांसदाय उढा़उ केदा


**सरैयाहाट।** पो़नो़त रे लो़लो़ सेतोङ आर मित् गे तालाव ढेर इदिक्कान तापमान ञेलाते सिरा़मंत्री होतेते जो़तो़ कार्यालयको आर सार्वजनिक जायगाको रे साफा-सा़फी ञुयदाक् बेबो़सताय ला़गित् बातलावआकाना। नोआ हुकुम रे उसा़रा ते का़मीय तुलुच् चरकापाथर पंचायतरेन मुखिया़ प्रीति हांसदा होतेते सा़गुनमाहां हिलोक् सरैयहाट मु यचौक रे मित्टेन प्याऊ केंद्रको उढा़उ केदा। नोआ प्याऊ केंद्रझिच्एन ते नित दो़ नोडका ते पारो़मो़क्कान हो़रतेन मिमित् हो़ड़आर टोठाकिया़ हो़ड़ दो़ सा़फा-सा़फी ञुयदाक् आलगा तेको ञामदाड़ेयाक्आ। नित दो़ हो़ड़ नोआ चाराट सेतोङ रे दाक् ला़गित्हान्ते-न्हाते बाङ ञिर बाड़ाय होयोक् ताकोआ। बस स्टैंड ते आयमाहो़ड़को रावालो़क्आ। बाडाय काथा काना जे सरैयाहाट रेयाक्आसो़ल चौक दो़ मित् आसो़ल बस तेंगोन टोठा काना, जाहां रे दो़दिना़म हिलोक् साय-साय लेखा रे सा़ंगाड़िया आर हो़ड़कोवाक्हिजुक्-सेनो़क् मित् गे तालाव ताहेंन काना। नोआ भीड़ ताहेंनकानचौक रे लाहा दो़ ञुयदाक् रेयाक् जाहांन बेबो़सता बाङ ताहेंकान ते सा़गाड़िया़को दो़ आ़डीको हा़रो़नो़क्कान ताहेंकाना आरहान्ते-न्हाते ञिर बाड़ाय होयोक्कान ताको ताहेंकाना। मेनखान नोआ प्याऊ केंद्र एहो़प्एन खान नित दो़ हो़ड़ नोआ मुसकिलाक् खो़न दो़पुरा़ड़उ तेको रावालो़क्आ। सरैयाहाट चौक रे ओरामेन नोआ उढा़उ सेमेलेत् ओ़कते मुखया़ प्रीति हांसदा सांवते उनी रेन आयमा गो़क्ड़ो़को आर टोठाकिया़ हो़ड़ आसो़काय तेको सेलेत् आकानताहेंकाना।

# यमुना रेयाक् दाक् अरावली पहाड़ी धा़बिच् सेटेराको सरकारे बेनावेत् काना खास प्लान

## प्रस्ताव आसो़ल सचिव ठेन कोलादेया, मंजूरी ञाम साँवते गे योजना रे रेस

खोबोरिया

**नावां दिल्ली।** यूपी सरकार मानसून रे यमुना गाडा रेयाक् दाक् ढेर आकान बेबो़हारे खो़जो़क् काना, ओनाइया़ते मित् जा़रूड़ान योजनाय बेनावेत् काना। नोआ होतेते यमुना रेयाक् दाक् अरावली पहाड़ी धा़बिच् सेटेराकोआ। नोआ रेयाक् मो़तलो़ब पहाड़ी क्षेत्र रे दाक् मुसकिलाक् को़माव आर भूजल ता़री बाढ़ाव होयोक्आ। सिंचाई विभाग दो़ नोआ पोंथा ला़गित्ए पानाड़हाव आकादा। प्रस्ताव सिंचाई विभाग छाडा आसो़ल सचिव ठेन कोल आकाना। उनी दो़ मोंज तेयाक्ए आपनार आकादा। नित प्रस्ताव दो़ मंजूरी ञामो़क् तायो़म योजना रे रेस ए ञामा। मीडिया रिपोर्ट लेकाते, सिंचाई विभाग सेच् खो़न नोआ



परियोजना रे का़मीया। ददसिया आतो सोर ते गाडा आ़तुक् काना। नोण्डे खो़न तिलपत फायरिंग रेंज सेच् ते बाढ़ाव दाक् दो़ पाइप होतेते लाहा इदिया। नोआ पाइप लाइन दो़ बुढ़िया नाला आड़े सेच् ते हाईवेय पारो़मा आर अनंगपुर आतो सोर पहाड़ी धा़बिच्ए इदिया। नोआ पाइप लाइन ते दिना़मदिन 300 क्यूसेक दाक् चालाक्आ। मानसून रेयाक् पे चान्दो रे गाडा रे आ़डी दाक् ताहेंन काना। ओनाइया़ते 90 दिन धा़बिच् निट कृत्रिम गा़डिया़को पेरेजो़क्आ। नोआ गा़डिया़को रेयाक् दाक् साफा काते आसपास रेयाक् सेक्टर, कोलोनी, सोसायटी आर आतो धा़बिच् सेटेराकोआ। नोआ परियोजना आडेपासे रेयाक् आतो भूजल ता़री रे हों मोंजतेयाक् असर पाड़ाक् आस मेनाक्आ। सांवते गे आडेपासे इलाका एकालते ञुईदाक् हों ञाम इदिया। भूजल ता़री रेयाक् मामला रे फरीदाबाद डार्क जोन रे मेनाक आ। यमुना गाडा आड़े हों 100 फुट रे दाक् ता़री मेनाक्आ। बुरू इलाका रे मा नोआ दाक् ता़री 600 खो़न 700 फुट धा़बिच् मेनाक्आ। हालो़त चिंता़वानाक् गेया। ओनाइया़ते सरकार भूजल ता़री बाढ़ाव पोंथा रेय का़मीयेत् काना। नोआ होतेते गाडा दाक् अरावली धा़बिच् इदिय तेयारी रे मेनाक्आ।

# प्लंबरए पा़सी गो़च् एना, जांच रेको लागावेना पुलिस

खोबोरिया

**पूर्वी सिंहभूम।** निर्मलनगर रे प्लंबर दो़ पा़सी बाबेर रे आका कातेय पा़सी गो़च् एना। हुदिस रूवा़ ते जा़बुनाकान ताहेंन सीतारामडेरा थानाटोठा रेयाक् निर्मलनगर रे बालेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ मित्टेन 53बो़छो़र रेन प्लंबर विजय दास दो़ आको ओड़ाक् रे गे पा़सी बाबेर आका कातेय पा़सी गो़च् एना। घो़टना ओ़कते उनी दो़ ओड़ाक् रे एकला गेय ताहेंकाना। घारो़ंज रेन हो़ड़ आर टोठाकिया़ हो़ड़ाक् गो़ड़ो़ ते उनी दो़ उसा़राते टाटा मु य अस्पताल (टीएमएच) तेको इदि केदेया, मेनखान डॉक्टर दो़ जांच बाड़ा केदे तायो़म उनीय गो़च् एन काथाको सारसादले केदा।सा़गुनमाहां हिलोक् पुलिस दो़ मांड़ी पोस्टमार्टम तायो़म घारो़ंज रेन हो़ड़को जिमा़वात्कोआ। घरो़ंज रेन हो़ड़ाक् ला़ई लेकाते विजय दास दो़ आयमा दिन खो़न बो़हो़क् आउला़वाकानताय ताहेंकाना। उनीयाक् रान-मुरगा़न दो़एमजीएम अस्पताल रे चालाक्कान ताहेंकाना। पारो़मेन सा़रदीमाहां हिलोक् उनीयाक् बो़हो़क् आ़डी जा़सती आउला़वेन ते अस्पताल रेको़भुरती लेदेया। ओ़तेमाहां हिलोक् अस्पताल खो़न छुट्टी ञाम तायो़मओड़ाक् तेको रूवा़ड़ आगुवाकादे ताहेंकाना, मेनखान उनीयाक् हालो़त दो़ आ़डी मोंज दो़ बाङ ताहेंकाना। घारो़ंज रेनको मेनेत् काना जेरूवा़ आर बो़हो़क् आउला़उ खा़तिर ते उनी दो़य नोडकावाकाना। घो़टना दो़ बालेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ सेयाक्को ला़येत् काना। उन ओ़कते विजय रेन एराततेत् दो़ गिदरा़ ट्यूशन पाड़हाक् ला़गितएको़यो़क्गो़त्काकोकान ताहेंकाना। उन ओ़कते गे विजय दो़ ओड़ाक्भितरी रेय पा़सी गो़च् एना। तिन दो़ उनी रेन एराततेत् ओड़ाक् तेयरूवा़ड़ेना खान ओड़ाक् रेयाक् दुवा़र दो़ भितरी खो़न बोंद गेय ञाम केदा। आ़डी घा़ड़िच्ए हो़हो़ बाड़ा आर दुवा़रठो़क्-ठो़क्केत् रे हों भितरी सेच् खो़न जाहांनाक् बाङ आंजो़मो़क्कान रे उनी दो़ आडे-पासे रेन हो़ड़े हो़हो़वात्कोआ।

# डीजे लादेयाकात् पेकअप वैन रे बिजली तार साटावेन रेय गो़च् एना मित्टेन जुवा़न, घा़लेना पेयाको

खोबोरिया

**लोहरदगा।** कुडू थाना टोठा रेयाक् बड़की चांपी आतो रे सा़गुनमाहांहिलोक् बा़रिया़त खो़न रूवड़ो़क्कान ताहेंन डीजे लादेयाकात् पिकअपगाडी 11 हजार वोल्ट रेयाक् करंट बिजली तार रे जाक्एन ते पेयाजुवा़नको झारकावेना। रान-मुरगा़न ताला रे मित्टेन जुवा़न दो़य गो़च् एना आर से नो़ते बारया जुवा़न दो़किन घा़लाकाना। बानाराक् रान-मुरगा़न लोहरदगा सदर अस्पताल रे चालाक् काना।
लाया़गो़क् काना जे बोलमाहां हिलोक् आयुप् कुडू थाना टोठा रेयाक् बड़की चांपी बड़का टोला खो़न लातेहार बा़रिया़कोचालावाकान ताहेंकाना। सा़गुनमाहां हिलोक् बा़रिया़त दो़ल रे डीजे लादेयाकात् पिकअप वैन बड़का टोली ते रूवा़ड़ो़क्कान ताहेंकाना।बड़की चांपी पुलिस पिकेट आड़े सेच् ते डीजे लादेयाकात् गा़डी दो़बड़का टोली ते चालाक्कान ताहेंकाना। गा़डी जेमो़न गे बड़का टोलीडाहार रे आ़चुरो़क् सोर ते सेटेरेना सो़ड़ो़क आड़े रेला़डगुराकान 11 हजार वोल्ट रेयाक् बिजली तार रे जाक् एना। बिजलीतार रे गा़डी साटावेन खान गा़डी रे करंट पासनावेना।
गा़डी रे देच् आकान ताहेंकन हो़ड़ सुमित उरांव, सत्येन्द्र उरांव आरप्रिंस उरांव दो़को करंट एना। घो़टना रेयाक् खो़बो़र ञामतायो़म आतो हो़ड़को सेटेरेना आर पेने हो़ड़ रान ओचोको ला़गित्ते लोहरदगा सदर अस्पताल तेको इदि केत्कोआ ओन्डे जांच तायो़म सुमितउरांव दो़ रारानको गो़च् गेको सारसादले केदेया, आर से नो़ते बारया घा़लाकान सत्येंद्र उरांव आर प्रिंस उरांववाक् रान-मुरगा़नदो़ सदर अस्पताल रे चालाक् काना।

# जियोन झारना रे संताली सा़ँवहेंतिया़को जारवायेना, 'संताल परगना संताली राइटर्स एसोसिएशन' ओ़नो़लिया़ दो़लको बेनाव केदा

खोबोरिया

**दुमका।** जियोन झारना, कुकरतोपा रे बुधवार 27 मई हिलोक् संतालीओ़नो़लिया़कोवाक् मित् दुपुड़ुप् ओराम एना, नोआ दो़ सिकामुविश्वविद्यालय दुमका रेन पूर्व प्रतिकुलपति प्रो (डॉ) प्रमोदिनी हाँसदा एआ़युर केदा। का़मीहो़रा रे खास पेड़ा रूप रे संताली रेन गा़खुड़कहानिकार मान बिजय टुडू आर आसो़ल पेड़ा रूप रे दो़ जेसीआरटी रांची रेन पूर्व निदेशक सह साम परगना वंशज मान मसूदी टुडूता़किनकिन हा़जिर एना। दुपुड़ुप् रे संताली साहित्य रेयाक् उतना़उआर पोरचार पासनाव ला़गित् 'संताल परगना संताली राइटर्सएशोसियेशन' ञुतुम ते मित्टेन कमेटीको बेनाव केदा। नोआ रेन अध्यक्ष दो़ जो़तो़कोते मान अलबिनुस हेम्ब्रम आर सचिव रे दो़ मान जितेशटुडू ता़किनको बाछाव दो़हो़ केत्किना। उपाध्यक्ष रूप रे राजेशपौरिया, बाबूधन मुर्मू आर शिवचरण हेम्ब्रम ताकोको बाछाव दो़हो़केत्कोआ, सांवते कोषाध्यक्ष रूप रे आनंद हेम्ब्रम, उप सचिव रेसुमित्रा मुर्मू, संयुक्त सचिव रे विमल मुर्मू, मीडिया प्रभारी रे साइमनहांसदा आर दिलीप कुमार टुडू ताकोको बाछाव दो़हो़ केत्कोआ। नो़ते कार्य समिति रा़सिया़ रे दो़ सोहागिनी टुडू, सचिन टुडू, रोशनराज बेसरा ताकोको बाछाव दो़हो़



केत्कोआ। का़मीहो़रा रेगालमारावाको तुलुच् गा़खुड़ ओ़नो़लिया़ मान विजय टुडू दो़ संतालीसाहित्य रेयाक् फायलाव ते ला़ई तुलुच्ए मेन केदा जे संताली साहित्यदो़ आ़डी गे किसा़ंड़ गेया, मेनखान सो़मो़य सांवते नोआ रेयाक् रेसदो़ कोमाव लेना। नित नोआ संगठन दो़ ओना रेयाक् दाड़ेय बेनाक्आआर नावां दाड़ेय एमावाक्आ। आसो़ल पेड़ा मान मसूदी टुडू दो़य मेन केदा जे दुपुड़ुप् दो़ इतिहास रे मील का पत्थर सा़बितो़क्आ,चेदाक्जे तेहेञ मित्टेन संगठन गो़ठो़न आकाना ओकादो़ बाड्दो़एकेन साहित्य रेयाक्ए बेनावा, बो़रो़ङ नोआ पोरचार पासनाव ला़गित्हों़य का़मीया आर संताली साहित्य किसा़ंड़ बेनाव रे आरहों लाहाबाढ़ाव ला़गित् संगठित रूप तेय कुरूमुटुया। संगठन रे जा़सतीकायपदाधिकारी दो़ जुवा़न पीढ़ी रेन मेनाक्कोआ, ओनाइया़ते तेहेञ नोडका बुजहा़क् काना जे तेहेञ रेन जुवा़न पीढ़ी आकोवाक्सेलेदो़क् आर जिमा़वारीको बुजहा़वेत् काना आर का़मी पुरा़उ ला़गित् हों सापड़ाव मेनाक्कोआ। का़मीहो़रा रेय आ़युरेत् पूर्वप्रतिकुलपति प्रो डॉ प्रमोदिनी हांसदा दो़ संगठन रेन जो़तो़पदाधिकारीको बोगेआस ए एमात्कोआ। मेन केदाय जे संताली रेयाक् पहचान दो़ संताल परगना खो़न मेनाक्आ। नोण्डेनाक् किसा़ंड़ साहित्य दो़ विश्व रेयाक् आयमा भाषाय टक्करेत् काना। लाहाते संताली रेयाक्पहचान दो़ समीर, आदिवासी, आरमान, तोड़े सुता़म, संताली, चासा, पानीर पियो, एमान ओ़नो़लिया़को ते पहचान ताहेंयाकाना, मेनखान सो़मो़य सांवते नावां ओ़नो़लिया़को बेनाव राकाबो़क् जा़रूड़ काना आर हिंदीलेका रे नावां संताली ओ़नो़लिया़को सांवते संताली साहित्य रेयाक्पहचान हों हिजुक् जा़रूड़ काना। आसाक् काना़ं नोआ ओ़नो़लिया़संगठन बाड्दो़ एकेन साहित्य ला़गित्ए का़मीया बो़रो़ङ नावांन ओ़नो़लियाय बेनाव राकाप्को ला़गित् हों प्लेटफॉर्मए बेनावा।का़मीहो़रा रे कविता पाठ, का़हनी पाठ एमान मोंज ओ़नो़रो़ल रेञेल एना। आयमा नावांन ओ़नो़लिया़ दो़ आकोवाक् काथा ते दुपुड़ुप्रेको ला़ई हापाटिञ केदा। का़मीहो़रा रे डॉ सुशील टुडू,स्नातकोत्तर संताली विभागाध्यक्ष, सिदो कान्हु मुर्मू विवि दुमका, डॉसुमित्रा हेम्ब्रम, विभागाध्यक्ष इतिहास, डॉ मेरी मारग्रेट टुडू, प्राचार्यमॉडल कॉलेज विजयपुर, दुमका, डॉ सनोज स्टेफन हेम्ब्रम एमान हों आकोवाक् काथा तेको गालमारावात्कोआ। नोआ का़मीहो़रा ताक रे संताल परगना रेयाक् आयमा कोना खो़न आर संताल परगना बाहरे खो़नहों आयमा ओ़नो़लिया़ हेच् कातेको सेलेत् एना।


## पूर्व रेलवे

### ई-ठिका़ खो़बो़र

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमो़क् बाखरा आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in** दाराय ते खुला़ ई-ठिका़नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बानाडाय दो़ नोडका लेका मेनाक्आः **नीलामी रेयाक् कैटेगरीः** पार्किंग। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-पार्क-26526, नीलामी एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीकः** मा़हित11.06.2026 हिलोक् 12.15 बजे। **स्टेशन/जायगा रेयाक् ञुतुमः** गिरीडीह स्टेशन रेयाक् जायगा रे टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स आर फोर व्हीलर्स ला़गित् पार्किंग लॉट। जो़तो़ नामडाक बोलीदाताको चेतान रेयाक् सूची लेका रे नोआ ई-नीलामी रेयाक् पुरा़उ बानाडाय बाडाय आर नोआ रे सेलेदो़क् ला़गित् दो़ वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ञेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

ASN-112/2026-27

**ठिका़ खो़बो़र दो़ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।**

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पाकुड़

### -ःरद्ध पत्रः-

डी0एम0एफ0डी0 योजना मद अन्तर्गत इस कार्यालय द्वारा निकाले गए अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-RDSPL/PAKUR/22/2025-26 जिसका PR No-370499 Rural development (2025-26) है, को अनावश्यक विलम्ब एवं अपरिहार्य कारणों से उक्त PR No से प्रकाशित कार्यो में से क0 संख्या-01,02,04,05,06,09,17,18,25,28,30,47,54,61,63,64,70,72,73,11,12, 13,14,15,16,19,23,31,44,45,48,50,52,53,55,56,58,59,60,62,69,71,76,77,78, 79 **कुल-46** अदद को रद्ध की जाती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पाकुड़।

PR 380880 (Rural Work Department) 26-27 (D)



## समाहरणालय, दुमका
## जिला नजारत शाखा, दुमका

### ॥ शुद्धि पत्र ॥

**PRN NO. – 379817 Dt. 14.05.2026**

दिनांक-29.05.2026 को आसन्न राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव बासुकीनाथधाम 2026 (संभावित तिथि-30.07.2026 से दिनांक 28.08.2026 तक) के अवसर पर कांवरियों एवं श्रद्धालुओं की आकस्मिक चिकित्सा हेतु 01 (एक) माह के लिए 02 (दो) टेंट अस्पताल का अस्थायी निर्माण के लिए एक मुश्त दर (सेवा शुल्क) निर्धारण हेतु दो लिफाफा प्रणाली के तहत खुली निविदा आमंत्रित की गई है।

उक्त प्रकाशित निविदा अंतर्गत निविदा हेतु उल्लेखित निविदा शर्त के कंडिका 06 (E) में संबंधित संस्था/कम्पनी का सी0ए0 द्वारा निर्गत विगत वित्तीय वर्ष यथा-2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 का वार्षिक टर्न ओवर प्रतिवेदन के स्थान पर वित्तीय वर्ष यथा-2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 का भी वार्षिक टर्न ओवर प्रतिवेदन मान्य होगा। अन्य सभी शर्तें यथावत रहेगें।

(उपायुक्त, दुमका के आदेश से)

ह0/-
जिला नजारत उपसमाहर्ता,
दुमका

PR 380941 District(26-27).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या-1, दुमका

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-07/2026-27
### दिनांक 27/05/2026

1. विभाग का नाम :- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल संख्या-1 दुमका।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :- 02.06.2026 को 05.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 03.06.2026 को 01.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :- 04.06.2026 को 03.00 बजे अपराह्न तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या-1, दुमका। कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल सं0-1, दुमका। सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल सं0-1, दुमका। सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर काठीकुण्ड।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंड़ल सं0-1, दुमका।
8. कार्य की विवरणी :-

| क0 सं0 | योजना का नाम | मद | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 200mm x 165mm x 240m Deep High Yield Drilled Tube (HYDT) Well and providing 2.0 HP DC Solar Motor Pump complete set in village-Babupur (Near Gabrial Kisku), Panchyat-Gopikandar, Block-Gopikandar. | UNTIED | UFGOP-01 | 785660.00 | 15800.00 | 1,250.00 | 15 Days |
| 2 | Construction of 200mm x 165mm x 240m Deep High Yield Drilled Tube (HYDT) Well and providing 2.0 HP DC Solar Motor Pump complete set in village-Jhunjhko (Near Baijal Baski), Panchyat-Ormo, Block-Gopikandar. | UNTIED | UFGOP-02 | 787760.00 | 15800.00 | 1,250.00 | 15 Days |
| 3 | Construction of 200mm x 165mm x 270m Deep High Yield Drilled Tube (HYDT) Well and providing 2.0 HP DC Solar Motor Pump complete set in village-Kochapani, Panchyat-Tainjor, Block-Gopikandar. | UNTIED | UFGOP-03 | 825680.00 | 16,600.00 | 1,250.00 | 15 Days |
| 4 | Construction of 200mm x 165mm x 275m Deep High Yield Drilled Tube (HYDT) Well and providing 2.0 HP DC Solar Motor Pump complete set in village-Budhichapar, Panchyat-Musna, Block-Gopikandar. | UNTIED | UFGOP-04 | 826750.00 | 16,600.00 | 1,250.00 | 15 Days |
| 5 | Construction of 200mm x 165mm x 280m Deep High Yield Drilled Tube (HYDT) Well and providing 2.0 HP DC Solar Motor Pump complete set in village-Rampur, Panchyat-Musna, Block-Gopikandar. | UNTIED | UFGOP-05 | 832020.00 | 16,700.00 | 1,250.00 | 15 Days |
| 6 | Construction of 200mm x 165mm x 280m Deep High Yield Drilled Tube (HYDT) Well and providing 2.0 HP DC Solar Motor Pump complete set in village-Gumma pahari, Panchyat-Kushchira, Block-Gopikandar. | UNTIED | UFGOP-06 | 832020.00 | 16,700.00 | 1,250.00 | 15 Days |
| 7 | Construction of 200mm x 165mm x 270m Deep High Yield Drilled Tube (HYDT) Well and providing 2.0 HP DC Solar Motor Pump complete set in village-Pindargariya, Panchyat-Surjudih, Block-Gopikandar. | UNTIED | UFGOP-07 | 821480.00 | 16500.00 | 1,250.00 | 15 Days |
| 8 | Construction of 200mm x 165mm x 240m Deep High Yield Drilled Tube (HYDT) Well and providing 2.0 HP DC Solar Motor Pump complete set in village-Kalaipura, Panchyat-Ormo, Block-Gopikandar. | UNTIED | UFGOP-08 | 787760.00 | 15800.00 | 1,250.00 | 15 Days |
| 9 | Construction of 200mm x 165mm x 300m Deep High Yield Drilled Tube (HYDT) Well and providing 2.0 HP DC Solar Motor Pump complete set in village-Khatgawan, Panchyat-Ormo, Block-Gopikandar. | UNTIED | UFGOP-09 | 857300.00 | 17200.00 | 1,250.00 | 15 Days |
| 10 | Construction of 200mm x 165mm x 150.00M Deep High Yield Drilled Tube Well With Protection Chamber and Electric Motor Pump 2.0 HP for Dry Collapse source in Block Campus Raneshwar | UNTIED | UFGOP-10 | 492464.00 | 9900.00 | 750.00 | 15 Days |

(रमेश कुमार लोहरा) कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या-1, दुमका

PR.NO.380912 Drinking Water and Sanitation(26-27):D

## स्वर्ण व्यवसायियों से हथियार के बल पर नगदी सहित चांदी के आभूषण की लूट

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**दुमका।** जिले का शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र इन दिनों अपराधियों का सुरक्षित चारागाह बनता जा रहा है, जहां बेखौफ बदमाश एक के बाद एक बड़ी वारदातों को अंजाम देकर पुलिसिया इकबाल को खुली चुनौती दे रहे हैं। महज तीन दिनों के भीतर स्वर्ण व्यवसायियों को निशाना बनाने की यह दूसरी घटना है, जिससे स्थानीय व्यापारियों में भारी आक्रोश और असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया है। ताजा मामले में अपराधियों ने मंगलवार की देर शाम एक स्वर्ण व्यवसाई को बंधक बनाकर नगदी सहित चांदी के आभूषण लूट लिए। मंगलवार की रात करीब 8:00 बजे पर्वतपुर गांव निवासी स्वर्ण व्यवसायी संजय वर्मा शिकारीपाड़ा स्थित अपनी दुकान बढ़ाकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शिकारीपाड़ा महाविद्यालय से आगे कुशबोना मोड़ के समीप तीन बाइकों पर सवार पांच हथियारबंद अपराधियों ने उन्हें जबरन रोक लिया। अपराधियों ने व्यवसाई के कान पर रिवाल्वर सटाकर जान से मारने की धमकी दी और उनके पास रखे ?8000 नगद, 250 ग्राम चांदी समेत आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और बाइक के कागजात लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद दहशत फैलाने के उद्देश्य से अपराधियों ने हवा में फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। डरे-सहमे व्यवसायी ने बुधवार को अन्य व्यापारियों के साथ शिकारीपाड़ा थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बीते 24 मई रविवार की शाम को भी अपराधियों ने थाना से महज एक किलोमीटर दूर शिकारीपाड़ा बीच गांव स्थित काली मंदिर के पास एक अन्य स्वर्ण व्यवसायी से लूट का प्रयास किया था। हालांकि, उस वक्त व्यवसायी की बहादुरी और ग्रामीणों के जुटने के कारण अपराधी लूट में असफल रहे थे और चार राउंड हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले थे। पुलिस ने उस घटनास्थल से दो खोखे भी बरामद किए थे। लगातार हो रही इन दुस्साहसिक घटनाओं पर पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन अब तक जांच के नाम पर पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे खाकी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## सांप काटने के बाद अस्पताल के बजाय झाड़-फूंक के चक्कर में युवक की मौत

**गोपीकांदर।** जागरूकता की कमी और अंधविश्वास आज भी ग्रामीण इलाकों में लोगों की जान का दुश्मन बना हुआ है। गोपीकांदर थाना क्षेत्र के रोलडीह सड़क टोला में एक ऐसी ही दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां सांप काटने के बाद सही समय पर अस्पताल जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने के चक्कर में एक 35 वर्षीय युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान अर्नेस्ट मुर्मू, पिता गुडित मुर्मू के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी बेलिना मरांडी ने बताया कि बीते मंगलवार की रात अत्यधिक गर्मी होने के कारण वह अपने पति और दो बच्चों के साथ घर के आंगन में जमीन पर सोई हुई थी। रात के लगभग 10 बजे दो केरत (चिती) सांपों ने अर्नेस्ट के हाथ में काट लिया। सांप के काटने के बाद अर्नेस्ट और उसकी पत्नी ने दोनों सांपों को मौके पर ही मार डाला। रात काफी अधिक होने और घर के बुजुर्गों के नशे में होने के कारण पत्नी अकेले पति को इलाज के लिए बाहर ले जाने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। बुधवार की सुबह होते ही परिजन अर्नेस्ट को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक के लिए दुमका के राजबांध (सोनकारा) ले गए। तब तक अर्नेस्ट की हालत बिगड़ चुकी थी और वह बेहोश हो गया था। ओझा-गुणी के चक्कर में कीमती समय बर्बाद होता रहा और आखिरकार बुधवार की दोपहर को अर्नेस्ट ने दम तोड़ दिया।

## पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा बुधवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बासुकीनाथ नगर कमेटी अध्यक्ष रोहित रंजन के नेतृत्व में बायपास रोड स्थित नवाडीह पेट्रोल पंप परिसर में आयोजित अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही ईंधन की कीमतों से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने का असर अब दैनिक उपयोग की वस्तुओं एवं परिवहन व्यवस्था पर भी पड़ रहा है, जिससे महंगाई लगातार बढ़ रही है। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में अविलंब कमी करने की मांग की। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कालेश्वर बैठा, जगदीश राम, नगर उपाध्यक्ष सुबोध मिश्रा, महादेव मुर्मू, अनिल राउत, जयराम शर्मा, मोहित राज, अनुराग तिवारी, मोनू कुमार हांसदा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मसलिया में आंधी-तूफान से कई घर क्षतिग्रस्त



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मंगलवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। तेज हवा और बारिश के कारण कई ग्रामीणों के घर क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कई घरों की एलबेस्ट्स शीट उड़ जाने से लोग बेघर जैसी स्थिति में पहुंच गए। तूफान से गरीब और मजदूर परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। आमगाछी पंचायत के डहारलांगी गांव निवासी भवतरन बास्की का घर पूरी तरह प्रभावित हुआ। तेज हवा में उनके घर का पूरा एलबेस्ट्स उड़ गया। भवतरन बास्की मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। घर की छत उड़ जाने से उनके आठ सदस्यीय परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित ने बताया कि इस आपदा में उन्हें करीब 60 से 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं रांगा पंचायत के झिलुवा गांव में भी तूफान ने जमकर कहर बरपाया। चुनु मरांडी के घर का एलबेस्ट्स उड़ जाने से लगभग 30 हजार रुपये की क्षति हुई है। वहीं अरविंद सोरेन के घर की छत उड़ जाने से उन्हें करीब 20 हजार रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। हेमंत मुर्मू का टाली वाला घर भी तूफान में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। झिलुवा गांव के आनंद मुर्मू की स्थिति सबसे ज्यादा दयनीय बताई जा रही है। आनंद मुर्मू दोनों आंखों से दिव्यांग हैं। उनके चार पुत्र हैं, जिनमें एक बेटा रोजी-रोटी के लिए पलायन कर चुका है, जबकि एक पुत्र की करंट लगने से मौत हो चुकी है।

## 60 बाइक चालकों का कटा चालान



**सरैयाहाट ।** सड़क सुरक्षा को लेकर हंसडीहा पुलिस ने पुलिस ने बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए करीब 60 बाइक चालकों का चालान काटा। अभियान से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और कई लोग रास्ता बदलते नजर आए। पुलिस द्वारा हंसडीहा चौक एवं आसपास के मुख्य मार्गों पर वाहन जांच की गई। जांच के दौरान बाइक चालकों से हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। बिना हेलमेट एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों से जुर्माना वसूला गया। थाना प्रभारी अजीत यादव ने कहा कि लगातार सड़क हादसों में बढ़ोतरी को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील कि वे अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि किया कि आगे भी इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## आज से भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ में आज गुरुवार से भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में देश के सम्मुख चुनौतियों को लेकर पार्टी के प्रयास, पार्टी का इतिहास एवं विकास, व्यावहारिक शब्द, सोशल मीडिया एवं नमो ऐप, सरल एप, वैचारिक अधिष्ठान, राज्य की वर्तमान राजनीतिक के परिदृश्य एवं 2027 के पंचायत चुनाव में भूमिका, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, कार्यकर्ता विकास, संबल, मोदी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाएं, बूथ प्रबंधन, स्थाई कार्यक्रम एवं मन की बात के अलावा कार्यकर्ताओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुरुवार एवं शुक्रवार को बासुकीनाथ में आयोजित होगा।

# दुमका में संताल परगना संताली राइटर्स एसोसिएशन का गठन, अलबिनुस हेम्ब्रम अध्यक्ष व जितेश टुडू बने सचिव



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** जियोन झारना, कुकुरतोपा में बुधवार को संताली साहित्यकारों और लेखकों की एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संताली साहित्य के उत्थान, संवर्धन और इसे वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से संताल परगना संताली राइटर्स एसोसिएशन नाम से एक नई कमेटी का गठन किया गया। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका की पूर्व प्रतिकुलपति प्रो (डॉ) प्रमोदिनी हाँसदा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।

---

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जेसीआरटी रांची के पूर्व निदेशक सह साम परगाना वंशज मसूदी टुडू ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह संगठन संताली साहित्य के प्रचार-प्रसार में मील का पत्थर साबित होगा। संगठन में युवाओं की भारी भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझ रही है, जो साहित्य के भविष्य के लिए एक बेहतरीन संकेत है। वहीं विशिष्ट अतिथि और वरीय लेखक बिजय टुडू ने संताली साहित्य की समृद्ध पृष्ठभूमि की चर्चा की। उन्होंने स्वीकार किया कि समय के साथ इसकी रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ी थी, लेकिन अब यह नया संगठन लेखकों को एक नई ऊर्जा और ताकत प्रदान करेगा।

### नई कार्यकारिणी समिति

**अध्यक्ष :** अलबिनुस हेम्ब्रम
**सचिव :** जितेश टुडू
**उपाध्यक्ष :** राजेश पौरिया, बाबूधन मुर्मू और शिवचरन हेम्ब्रम
**कोषाध्यक्ष :** अनंद हेम्ब्रम
**उप सचिव :** सुमित्रा मुर्मू
संयुक्त सचिव : विमल मुर्मू
**मीडिया प्रभारी :** साइमन हंसदा और दिलीप कुमार टुडू
**कार्य समिति सदस्य :** सुहागिनी टुडू, सचिन टुडू और रोशनराज बेसरा

### नए लेखकों को मंच देगा यह संगठन : डॉ. प्रमोदिनी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रो (डॉ) प्रमोदिनी हाँसदा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संताल परगना ही संताली भाषा की असली पहचान है और यहाँ का साहित्य दुनिया की किसी भी भाषा को टक्कर दे सकता है। उन्होंने पुराने दौर के महान लेखकों का जिक्र करते हुए उम्मीद जताई कि यह संगठन हिंदी साहित्य की तर्ज पर नए संताली लेखकों को तैयार करने और उन्हें एक मजबूत प्लेटफॉर्म देने का काम करेगा।

---

इस ऐतिहासिक बैठक के दौरान सिर्फ सांगठनिक चर्चा ही नहीं हुई, बल्कि साहित्यिक रंग भी जमकर बिखरा। कार्यक्रम में शामिल हुए कई नवोदित और स्थापित लेखकों ने अपनी कविताओं और कहानियों का पाठ किया।

## जरूरतमंद लोगों के बीच कपड़ों का वितरण



**दुमका ।** हिजला स्थित कपड़ा बैंक द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत बुधवार को जरूरतमंद लोगों के बीच कपड़ों का वितरण किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब, असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक सीधी सहायता पहुंचाना और लोगों में सेवा भावना को जागृत करना था। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कपड़े दिए गए। इस पुनीत कार्य में स्थानीय युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई। पूरे अभियान को सफल बनाने और इसके सुचारू संचालन में मुख्य भूमिका सामाजिक कार्यकर्ता जतिन कुमार की रही, जिन्होंने जमीनी स्तर पर जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने के लिए अथक प्रयास किए।

## एसआईआर में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : बीडीओ



**रामगढ़ (दुमका) ।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची निबंधन पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को एस.आई.आर. कार्य की प्रगति समीक्षा हेतु सभी पर्यवेक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से बूथवार मैपिंग, अनमैप्ड मतदाताओं की स्थिति, फ्रेश मैपिंग एवं पोर्टल पर डाटा प्रविष्टि की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी पर्यवेक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ बी.एल.ओ. के कार्यों की सतत निगरानी करें तथा लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एस.आई.आर. कार्य निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण भाग है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सभी अनमैप्ड मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कर शत-प्रतिशत मैपिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही मैपिंग से संबंधित सभी मामलों का त्वरित निष्पादन करने को कहा गया।

## बीडीओ ने की राशन दुकानों की जांच




**रामगढ़ (दुमका) ।** बढ़ती गर्मी और विकास कार्यों की धीमी रफ्तार को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने बुधवार को क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं और जन वितरण प्रणाली की दुकानों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों और संवेदकों की क्लास लगाई। राशन वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, स्टॉक बोर्ड लगाना अनिवार्य बीडीओ ने धोबा पंचायत के तहत आने वाले डीलर बजरंग अग्रवाल (लाइसेंस संख्या-03/19) और टैग किए गए श्यामलाल बेसरा की दुकानों की औचक जांच की। उन्होंने मौके पर मौजूद स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी और राशन ले रहे लाभार्थियों से सीधे बात कर स्थिति का जायजा लिया। बीडीओ ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि राशन वितरण पूरी तरह पारदर्शी होना चाहिए। हर दुकान के बाहर स्टॉक और मूल्य तालिका साफ अक्षरों में लिखी होनी चाहिए ताकि जनता को सही जानकारी मिल सके। इलाके में चल रही भीषण लू और तपती गर्मी को देखते हुए प्रखंड प्रशासन और धोबा पंचायत ने मिलकर एक सराहनीय पहल की है। रामगढ़ बाजार में दो अलग-अलग प्रमुख स्थानों पर राहगीरों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसका उद्घाटन करते हुए बीडीओ ने कहा कि इस झुलसती गर्मी में बाजार आने वाले आम लोगों और राहगीरों को पीने का साफ और ठंडा पानी मिल सके, इसी उद्देश्य से यह व्यवस्था तुरंत शुरू की गई है।

## अवैध खनन, बालू उठाव और पेड़ कटाई के खिलाफ भड़की एबीवीपी

### आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**दुमका।** छात्रहित के साथ-साथ समाजहित के मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को परिषद के कार्यकर्ताओं ने संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर दुमका जिले में बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध खेल को उजागर किया और इस पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। नगर सह मंत्री आदित्य जोशी ने कहा कि दुमका जिले में अवैध पेड़ कटाई, अवैध बालू उठाव और अवैध खनन जैसी गंभीर समस्याएं लगातार पैर पसार रही हैं। प्रशासन को इन सब की पूरी जानकारी है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस या अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। एक तरफ सरकार पर्यावरण संरक्षण का ढिंढोरा पीट रही है, तो दूसरी तरफ जिम्मेदार विभागों की नाक के नीचे खुलेआम हरे-भरे पेड़ों की बलि चढ़ाई जा रही है। कार्यकर्ताओं ने साफ लहजे में चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इन अवैध गतिविधियों पर लगाम नहीं लगाई, तो परिषद आने वाले दिनों में आम जनता को साथ लेकर सड़कों पर उतरने और उग्र आंदोलन व धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक अभिषेक गुप्ता, नगर सह मंत्री आदित्य जोशी, आकाश, सुमित और पंकज मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## फाइलें अटकीं तो तय होगी जवाबदेही : डीसी

संवादादता



**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बुधवार को जिला भू अर्जन कार्यालय और विशिष्ट पहाड़िया कल्याण शाखा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी जांची और दफ्तर के कामकाज से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों का बारीकी से अवलोकन किया। उपायुक्त ने प्रत्येक शाखा की कर्म पुस्तिका तथा आगत-निर्गत पंजी की जांच करते हुए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी पत्राचार या फाइल को बेवजह दबाकर न रखा जाए। सभी प्राप्त मामलों का निपटारा एक निश्चित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित करें। कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के लिए उन्होंने सभी लिपिकों की अलग-अलग कर्म पुस्तिका बनाने का आदेश दिया। भू अर्जन कार्यालय की समीक्षा के बाद उपायुक्त ने विशिष्ट पहाड़िया कल्याण शाखा का भी रुख किया। वहां उन्होंने योजनाओं से जुड़े अभिलेखों को देखा और अधिकारियों को सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर योग्य लाभुक तक समय पर पहुंचना चाहिए।

## गुणवत्ता और समयसीमा से समझौता नहीं, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : डीसी



**दुमका ।** जिला स्तरीय विभिन्न विभागों और विकास योजनाओं की रफ्तार बढ़ाने के लिए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट और कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि सरकारी निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यपालक अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए कि हर हाल में निर्धारित मानकों का पालन करते हुए उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में चल रहे भवन निर्माण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की सुस्त रफ्तार पर नाराजगी जताई और कार्य में तेजी लाकर उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश दिया। इसके अलावा, जिन प्रस्तावित सरकारी भवनों की निविदा प्रक्रिया अभी तक अटकी हुई है, उन्हें बिना किसी देरी के तुरंत पूरा कर निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। इंजीनियरिंग विभागों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सिंचाई प्रमंडल और ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति को देखा। इस बैठक में सभी प्रमुख विभागों की प्रगति और धरातल पर काम की गुणवत्ता को सुधारने के लिए विस्तृत रोडमैप पर चर्चा की गई।

## जनगणना में लापरवाही पर दो शिक्षकों और सुपरवाइजरों से बीडीओ ने मांगा स्पष्टीकरण



**गोपीकांदर ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कार्यालय में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आगामी जनगणना के तहत हाउस लिस्टिंग ब्लॉक और मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में कार्य के प्रति लापरवाही बरतने और अनुपस्थित रहने के गंभीर मामले को देखते हुए बीडीओ ने दो शिक्षकों और सुपरवाइजरों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने इन कर्मियों से कर्तव्य में कोताही बरतने के आरोप में स्पष्टीकरण मांगा है।

## एसकेएमयू : यूजी और वोकेशनल कोर्स की परीक्षा का परिणाम जारी

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने एक साथ कुल सात महत्वपूर्ण परीक्षाओं के परीक्षाफल घोषित कर विद्यार्थियों को बड़ी सौगात दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आधिकारिक वेबसाइट पर जारी इन नतीजों में छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है। सबसे बड़े परिणाम के रूप में यूजी सेमेस्टर-5 परीक्षा 2024 (एनईपी-2020), सत्र 2022-26 के नतीजे सामने आए हैं, जिसमें शामिल हुए कुल 18,971 परीक्षार्थियों में से 83.90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-1 परीक्षा 2025, सत्र 2025-28 का रिजल्ट 94.65 प्रतिशत रहा। वहीं, बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-4 परीक्षा 2025, सत्र 2023-26 के परिणाम ने इतिहास रच दिया, जहां शत-प्रतिशत यानी सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-6 परीक्षा 2025, सत्र 2022-25 में भी छात्रों का दबदबा रहा और रिकॉर्ड 99.41 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे। सभी परीक्षार्थी अब विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686